# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025



ੴ ਗੁਰਪੁਰਬ ਦੇ 350 ਸਾਲ ਹਿੰਦ ਦੀ ਚਾਦਰ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰੂ ਤੇਗ਼ ਬਹਾਦਰ ਜੀ 1675 - 2025

GOVT. OF PUNJAB

# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

### भाई मती दास जी,
### भाई सती दास जी,
### भाई दयाला जी

को समर्पित





## नगर कीर्तन एवं समागमों का विवरण

### श्रीनगर से श्री आनंदपुर साहिब (19-22 नवंबर, 2025)

1 श्रीनगर
2 जम्मू
3 पठानकोट
4 दसूहा
5 होशियारपुर
6 माहिलपुर
7 गढ़शंकर
8 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – जम्मू (19 नवंबर, 2025)
दिन 2 – पठानकोट (20 नवंबर, 2025)
दिन 3 – होशियारपुर (21 नवंबर, 2025)

### गुरदासपुर से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1 गुरदासपुर
2 बटाला
3 बाबा बकाला साहिब
4 श्री अमृतसर साहिब
5 तरन तारन
6 गोइंदवाल साहिब
7 कपूरथला
8 करतारपुर
9 जालंधर
10 फ़गवाड़ा
11 बंगा
12 नवांशहर
13 बलाचौर
14 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 - श्री अमृतसर साहिब (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 – जालंधर (21 नवंबर, 2025)

### फ़रीदकोट से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1 फ़रीदकोट
2 फ़िरोज़पुर
3 मोगा
4 जगराओं
5 लुधियाना
6 खन्ना
7 सरहिंद
8 फ़तेहगढ़ साहिब
9 मोरिंडा
10 चमकौर साहिब
11 रूपनगर
12 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – लुधियाना (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 – फ़तेहगढ़ साहिब (21 नवंबर, 2025)

### गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1 गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो
2 बठिंडा
3 बरनाला
4 संगरूर
5 पटियाला
6 राजपुरा
7 बनूड़
8 साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर
9 कुराली
10 रूपनगर
11 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – संगरूर (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 - साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (21 नवंबर, 2025)

## श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

### 23 नवंबर, 2025

- आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन
- सर्व धर्म सम्मेलन
- विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पंज प्यारा पार्क का गाइडेड टूर
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 24 नवंबर, 2025

- शीश भेंट नगर कीर्तन (कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब)
- श्री आनंदपुर साहिब में हैरिटेज वॉक
- श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को समर्पित विशेष विधानसभा सत्र
- ढाडी, कविशर दरबार
- गुरु साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित नाटक/पाठ/कविता
- गतका और अन्य कार्यक्रम
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 25 नवंबर, 2025

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रकाश-स्तंभ बने हुए हैं। आइए, अपने परिवारों सहित इस पवित्र धरती पर श्रद्धा से नतमस्तक होकर इन दिव्य आयोजनों का हिस्सा बनें।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025




# पड़ोसी राज्यों से अवैध सप्लाई, 9 करोड़ 65 लाख रुपए का धान जब्त, महासमुंद टॉप पर

छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी से पहले राज्य में पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती जिले से धान की अवैध घुसपैठ शुरू हो गई है। खास बात ये है कि खरीदी शुरू होने से 15 दिन पहले से ये काम शुरू हो गया था। 21 नवंबर तक राज्यभर में 31 हजार 145.22 क्विंटल धान पकड़ कर जब्त किया जा चुका है। इसकी कीमत 9 करोड़ 65 लाख 50 हजार रुपए होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

राज्य में जब से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुई है, तभी से यहां पड़ोसी राज्यों के कोचिया अपने प्रदेश का धान लाकर बेचने का गोरख धंधा करते रहे हैं। इस अवैध कारोबार की वजह ये है कि छत्तीसगढ़ में धान की कीमत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिल रही है, जबकि यूपी जैसे राज्य में धान की कीमत 14 सौ रुपए के आसपास है, इसी तरह ओडिशा में कीमत इससे भी कम होती है। यही कारण है कि राज्य में ओडिशा, यूपी, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार आदि राज्यों का धान लाकर बेचने का धंधा चलता है।

## खरीदी शुरू होने के 15 दिन पहले से जारी है अवैध आवक



### झारखंड की सीमा पर निगरानी

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ ही कुछ क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन की संभावनाओं को रोकने राज्य भर में प्रशासन सख्त हो गया है। इसी क्रम में जशपुर जिला कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने जशपुर जिले का झारखंड सीमा से लगे चेकपोस्टों पर देर रात औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

### राज्य के हर जिले में अवैध धान

यह बात भी गौर करने वाली है कि राज्य के सभी 33 जिलों में बाहर से लाया गया धान बरामद किया गया है। कोई जिला बाकी नहीं है जहां इस तरह धान न लाया गया हो। सबसे बड़ी घुसपैठ महासमुंद, बलरामपुर से राज्य सरकार द्वारा बरामद किए गए अवैध धान के 1 नवंबर से 21 नवंबर तक के आंकड़ों को देखने से साफ होता है कि राज्य में सबसे अधिक धान महासमुंद जिले में जब्त किया गया है। यहां धान की मात्रा 4 हजार 984 क्विंटल रही है। इसकी कीमत 1 करोड़, 54 लाख, 5 हजार रुपए 31 सौ रुपए प्रतिक्विंटल के हिसाब से होती है। यह जिला ओडिशा की बार्डर से लगता है। इसी क्रम में बलरामपुर जिले में 4 हजार 358 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसकी कीमत 1 करोड़ 35 लाख रुपए होती है। राज्य का यह सीमावर्ती जिला यूपी की बार्डर से लगा हुआ है। इधर राज्य के सबसे दूरस्थ क्षेत्र बस्तर के नारायणपुर से मात्र 53 .34 क्विंटल धान जब्त हुआ है। इसकी कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए होती है।

### सीएम साय के हैं सख्त निर्देश, धरपकड़ जारी

राज्य में प्रारम्भ हुई धान खरीदी के मद्देनजर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राज्य के सभी अंतर्राज्यीय सीमाओं पर धान के अवैध परिवहन पर सख्त निगरानी रखने एवं अवैध परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के परिपालन में मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले में कलेक्टर तुलिका प्रजापति के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से हो रहे अंतर्राज्यीय धान परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को जप्त किया है। 15 नवम्बर को महिंद्रा पिकअप वाहन से 27.20 क्विंटल धान महाराष्ट्र के ग्राम मुरूमगांव निवासी तरुण यादव द्वारा औंधी लाया जा रहा था। खाद्य विभाग की टीम ने वाहन को रोककर धान ज़ब्त किया तथा पूरे प्रकरण को थाना औंधी को सुपुर्द किया। 16 नवम्बर को चिल्हाटी क्षेत्र में खाद्य विभाग की टीम ने सचदेव फूड प्रोडक्ट, रायपुर द्वारा महाराष्ट्र से चिल्हाटी लाए जा रहे 309 क्विंटल धान वाहन क्रमांक सीजी 16 सीजे 8710 से जप्त किया, जिसे कार्रवाई के लिए थाना चिल्हाटी को सौंपा गया।

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्कर को 10 वर्ष कैद, एक लाख जुर्माना

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व 11 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार तस्कर को शैलेश शर्मा की स्पेशल कोर्ट एनडीपीएस ने 10 वर्ष कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा के अनुसार कोर्ट ने रवि सायतोड़े को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। धरसींवा थाने की पुलिस ने रवि के घर की छत से पिछले वर्ष 31 जनवरी को गांजा जब्त किया था।

### सोनवानी की महिला रिश्तेदारों को मिली जमानत

**रायपुर।** सीजीपीएससी घोटाला में सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी की दो महिला रिश्तेदारों को कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए जमानत दी है। कोर्ट ने मीशा कोसले तथा दीपा आदिल को जमानत दी है। दोनों को सुप्रीम कोर्ट से पूर्व में अन्य आरोपियों को मिली जमानत के आधार पर राहत प्रदान की है। सीजीपीएससी परीक्षा में दीपा तथा मीशा के गलत तरीके से धांधली कर चयन करने के आरोप पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

## नक्सलियों की केन्द्रीय कमेटी ने जारी किया पर्चा, कहा- सरेंडर करने में रहे नाकाम तो मार डाला

# हिड़मा के एनकाउंटर पर 'सवाल', कुंजाम ने फर्जी कहा, आईजी बोले-भ्रामक प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नक्सलियों द्वारा जारी पर्चा में दावा किया गया है कि केंद्रीय कमेटी सदस्य हिड़मा इलाज के लिए विजयवाड़ा गया था। इसी दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने उसे पकड़कर सरेंडर कराने का प्रयास किया। सरेंडर कराने में नाकाम होने पर हिड़मा समेत 6 नक्सलियों को मार दिया गया। पर्चे में कई गंभीर आरोप लगाए हैं। अभय ने बताया कि 15 नवम्बर को विजयवाड़ा शहर से हिड़मा समेत अन्य को निहत्थे पकड़ा गया। मारेडुमिल्ली जंगल में मुठभेड़ में मार गिराने व हथियार मिलने की कहानी बनाई गई। केंद्रीय कमेटी का कहना है कि हिड़मा की मौत सिर्फ एक ऑपरेशन का हिस्सा नहीं बल्कि शीर्ष नेतृत्व को खत्म करने की एक बड़ी रणनीति है। केन्द्रीय कमेटी ने पुलिस पर मानवाधिकार उल्लंघन का भी आरोप लगाया है।

एक करोड़ से अधिक इनामी नक्सली हिड़मा के एनकाउंटर पर अब 'सवाल' उठने लगे हैं। पूर्व विधायक कुंजाम ने एनकाउंटर को फर्जी कहा तो आईजी बोले-ये लोग भ्रामक प्रचार कर रहे है। नक्सलियों के केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने गुरुवार को पर्चा जारी कर कहा कि सीसी मेंबर व दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सचिव माड़वी हिड़मा उसकी पत्नी राजे व अन्य को आंध पुलिस द्वारा पकड़ने के बाद सरेंडर कराने में नाकाम रहने के बाद हत्या का आरोप लगाया है। इसके विरोध में 23 नवम्बर को पूरे देश में प्रतिरोध दिवस के रूप में मनाने का एलान किया है।

हरिभूमि फॉलोअप








### माओवादी नेटवर्क पर बड़ी चोट



आंध्रप्रदेश के सीमावर्ती अल्लूरी सीताराम राजू जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा हाल ही में की गई कार्रवाई ने माओवादी नेटवर्क पर एक बड़ी चोट पहुंचाई है जिसकी गतिविधियाँ लंबे समय से राज्य की सीमाओं से परे फैली हुई थीं। सबसे हिंसक और कुख्यात माओवादी कैडरों के न्यूट्रॉलाइजेशन ने इस प्रतिबंधित और अवैध माओवादी संगठन की संचालन क्षमता को काफी कमजोर कर दिया है और पूरे बस्तर में सुरक्षा तथा जनविश्वास को और मजबूत किया है। कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा फैलाया जा रहा भ्रामक प्रचार इस तथ्य को छिपा नहीं सकता कि यह वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

\- सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी, बस्तर

### हिड़मा को मरवाने में देवजी का हाथः मनीष कुंजाम

माड़वी हिड़मा की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कहा कि आंध्रप्रदेश में फेक एनकाउंटर में हिड़मा को मारा गया है और नक्सली लीडर देवजी ने ही उसे मरवाया है। उसने बाकी 50 लोगों को अरेस्ट करवा दिया है, स्वयं बचकर निकल गया है। अब वह आंध्रप्रदेश सरकार का मेहमान बनकर रह रहा है। सुकमा में प्रेसवार्ता में मनीष कुंजाम ने कहा कि झीरम घाटी हमले में हिड़मा का हाथ नहीं था। बस्तर में हुई सारी बड़ी घटनाओं का मास्टरमाइंड हिड़मा को बताया गया है जबकि आंधा के नक्सली यहां हमला करवाते हैं। यहां के लड़कों को बदनाम करते हैं और खुद बच जाते हैं। हिड़मा के एनकाउंटर पर सवाल खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि इन्हें मरवाने और पकड़वाने के लिए देवजी ने षड्यंत्र रचा था, सभी को लेकर आंध्रप्रदेश गए। वहां की पुलिस ने हिड़मा को कहीं और मारा और उसकी लाश को कहीं और लाकर रख दिया। नाटकीय ढंग से इसे मुठभेड़ करार देने की कोशिश की गई।

## फेसबुक में आर्मी जवान बनकर झांसा देकर फंसाने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

फर्जी आर्मी जवान बनकर कम कीमत पर कार सहित अन्य सामान बचेने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में दो जालसाजों के रेंज साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस ने दोनों जालसाजों को ऑपरेशन साइबर शिल्ड के तहत ओडिशा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जालसाजों के खिलाफ देश के अलग-अलग 15 राज्यों में ठगी के 38 अपराध दर्ज हैं। फर्जी आर्मी जवान बनकर ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ओडिशा केऊंझर निवासी अजय हो तथा जैजेपुर निवासी चिन्मय राउत को गिरफ्तार किया है। अजय ठगी की रकम को ठिकाने लगाने का काम करता था। दोनों आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी में प्रयुक्त बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर की जांच करने पर पाया गया कि दोनों जालसाज छत्तीसगढ़ के साथ असम, केरल, कर्नाटक, पंजाब, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना, बिहार, दिल्ली, गुजरात, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु में पश्चिम बंगाल में ठगी की गई है।

### स्कार्पियो बेचने का झांसा देकर साढ़े नौ लाख की ठगी

दो वर्ष पूर्व देवभोग थाना में भोलेश्वर सोरी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। दर्ज शिकायत के अनुसार भोलेश्वर ने फेसबुक में स्कार्पियो कार बिक्री का एक एड देखा। एड में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, तो जालसाज ने अपने आपको एक्स आर्मी मैन बताते हुए अपना ट्रांसफर दूसरी जगह होने का झांसा देकर भोलेश्वर से औने-पौने दाम में कार बेचने सौदा कर अपने अकाउंट में साढ़े नौ लाख रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी की।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

*शुक्रवार को सीजी पीएससी के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। सड़क किनारे सब्जी बेचकर परिवार का लालन पालन करने वाली की बेटी चंचल पैकरा ने अजजा वर्ग में टॉप किया है। चंचल डिप्टी कलेक्टर बनेंगी। सरगुजा से एसटी कैटेगरी में मयंक मंडावी ने दूसरा स्थान हासिल किया है।*

सड़क किनारे खेत की सब्जी बेचता है परिवार

# सब्जी विक्रेता किसान पिता ने बेटी की पढ़ाई के लिए जमीन भी बेची, लाडली ने पूरा किया सपना, बनी डिप्टी कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ पीएससी इस बार सरगुजा के युवाओं को अच्छी सफलता मिली है। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कारबेल निवासी रघुबीर पैकरा की पुत्री चंचल पैकरा ने सीजीपीएससी 2024 में एसटी वर्ग में टॉप किया है। चंचल पैकरा की ओव्हर ऑल रैंक 204 है। चंचल ने वर्ष 2021-22 में जगदलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से बीई सिविल की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की थी और उसके बाद वे लगातार तीन वर्षों से बिलासपुर में रहकर सीजीपीएससी की तैयारी कर रही थी। पिता रघुबीर सिंह ने बताया कि चंचल बचपन से ही पढ़ाई में होनहार है और उन्होंने पहली बार जब पीएससी प्री की परीक्षा दी तो उसमें सफल नहीं हो पाई। ऐसे में उसने लगातार कड़ी मेहनत की और सीजीपीएससी प्री के साथ मेंस भी निकाला और ओव्हर ऑल 204 रैंक के साथ डिप्टी कलेक्टर के लिए चयनित हुई है। शुक्रवार को रघुवीर पैकर को बढाई देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

### बेटी की पढ़ाई के लिए बेच दी जमीन

सबसे बड़ी बात यह है कि चंचल के पिता रघुवीर पैकरा पेशे से किसान हैं और खेती बाड़ी करने के साथ ही सीतापुर हाई स्कूल के बाहर सड़क किनारे सब्जी बेचने का काम करते हैं जबकि उनकी मां कुंतीला पैंकरा भी सामान्य गृहणी है घर के साथ ही खेती बाड़ी और सब्जी बेचने में साथ देती है। बेटी की पढ़ाई को माता-पिता ने पूरा सहयोग दिया और बेटी की पढ़ाई के लिए उन्होंनेअपनी जमीन का कुछ टुकड़ा भी बेच दिया था। पिता रघुवीर ने बताया कि चंचल की प्राथमिक शिक्षा काराबेल के सरकारी प्राथमिक शाला में हुई इसके बाद चंचल का चयन एकलव्य विद्यालय सरना के लिए हुआ था। दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा चंचल ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। दोनों ही कक्षाओं में वे स्कूल टॉपर रहीं। चंचल की छोटी बहन वर्तमान में अंबिकापुर कॉलेज से बीएससी कर रही है वहीं छोटा भाई एकलव्य विद्यालय घंघरी में 11 वीं का छात्र है।



सफलता की कहानी

## पीएससी टॉपर देवेश ने डर-असफलता को बनाई ताकत और जीत ली जंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धनोरा गांव के निवासी के देवेश प्रसाद साहू (27) ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 की परीक्षा में टॉप किया है। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि ये उनका तीसरा प्रयास था। उन्होंने बिलासपुर में दो साल तक कोचिंग ली। इसके बाद खुद पढ़ाई करने का निर्णय ▶▶| शेष पेज 6 पर

### रोजाना 14-15 घंटे पढ़ाई

देवेश ने बिलासपुर में दो साल तक कोचिंग ली। इसके बाद उन्होंने स्वयं अध्ययन करने का निर्णय लिया। पिछले दो सालों से वे पूरी तरह से सेल्फ स्टडी पर निर्भर थे। इस दौरान वे प्रतिदिन ▶▶| शेष पेज 6पर

# अब देना होगा नियुक्ति पत्र, समय पर सैलरी, लागू हुए 4 नए श्रम कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


केंद्र सरकार ने पुराने 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को खत्म कर उन्हें चार कोड में बदल दिया है। सरकार ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए चार नए श्रम कानूनों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया गया है और अब वे देश के कानून हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस फैसले से वर्षों पुराने कानून खत्म हो जाएंगे जो काफी काफी जटिल और बिखरे हुए थे।

श्रम मंत्रालय ने कहा नई व्यवस्था का मकसद एक सुदृढ़ मजदूर-ढांचा तैयार करना है, जो न सिर्फ श्रमिकों की सुरक्षा बढ़ाए, बल्कि उद्योगों के लिए भी प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनाए। नए कोडों के जरिए सभी श्रमिकों को खासकर अनौपचारिक सेक्टर, गिग वर्कर्स, प्रवासी मजदूरों और महिलाओं के लिए बेहतर वेतन, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य-सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी।

### केंद्र सरकार के इस फैसले को 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक बड़ा कदम

#### लागू किए गए चार कोड

- वेज कोड, 2019 (वेतन संहिता)
- इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, 2020 (औद्योगिक संबंध संहिता)
- सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 (सामाजिक सुरक्षा संहिता)
- ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड, 2020 (व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता)



#### सामाजिक सुरक्षा मामले में सुधार

मंत्रालय के अनुसार भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में कार्यबल के अनुसार करीब 19% थी, जो कि साल 2025 में बढ़कर 64% तक हो गई. आगे इसमें और सुधार की संभावना है. सरकार का कहना है कि नियमों और योजनाओं को अंतिम रूप दिए जाने तक व्यापक हितधारक परामर्श जारी रहेगा. इस बदलाव के दौरान मौजूदा कानून लागू रहेंगे.इस कदम से जॉब में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने वाली है।

#### विवादों को सुलझाने दो सदस्यीय ट्राइब्यूनल भी

इसके अलावा नई व्यवस्था में 'इंस्पेक्टर-कम-फैसिलिटेटर' होंगे, जो ज्यादातर गाइडेंस देंगे न कि दंडात्मक कार्रवाई. साथ ही उद्योग विवादों के लिए दो-सदस्य ट्राइब्यूनल होंगे, जहां कर्मचारी सीधे जा सकते हैं। सरकार का दावा है कि इन कोडों से कामगारों को व्यापक सामाजिक सुरक्षा और सम्मान मिलेगा, जबकि उद्योगों को कम जटिलता और बेहतर पूंजी निवेश का अवसर मिलेगा।

#### मुख्य बदलावों में शामिल है

- नियुक्ति पत्र अब सभी श्रमिकों को नौकरी शुरू करने के समय नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा, जिससे रोजगार और शर्तों की पारदर्शिता बढ़ेगी।
- मिनिमम वेतन: देशभर में न्यूनतम वेतन लागू होगा, ताकि कोई भी सेलरी इतना कम न हो कि जीवन यापन मुश्किल हो।
- समय पर वेतन भुगतान: नियोक्ताओं को कर्मचारियों को समय पर भुगतान करना कानूनी रूप से जरूरी होगा।
- स्वास्थ्य और सुरक्षा: 40 वर्ष से ऊपर के सभी श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक हेल्थ चेकअप अनिवार्य होगा। इसके अलावा एक राष्ट्रीय ओएसएच बोर्ड के जरिए उद्योगों में सुरक्षा मानकों को एकरूप किया जाएगा।
- महिलाओं के लिए बराबरी: महिलाएं अब रात की शिफ्टों में काम कर सकेंगी, पहले कई सेक्टरों में यह इजाजत नहीं थी, लेकिन इसके लिए नियोक्ता को सुरक्षा उपाय और ▶▶| शेष पेज 6 पर

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी की समय-सारिणी

# पहली बार बोर्ड परीक्षाएं फरवरी से, 12वीं के पर्चे 21 व 10वीं के शुरू होंगे 20 से

*अब तक एक अथवा दो मार्च से प्रारंभ होते रहे हैं पर्चे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। इस बार बोर्ड परीक्षाएं मार्च नहीं बल्कि फरवरी से प्रारंभ हो रही है। बारहवीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से जबकि दसवीं की परीक्षाएं 21 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। ऐसा पहली बार है, जब माशिम फरवरी माह से परीक्षाएं आयोजित कर रहा है।

खास खबर

अब तक मार्च के प्रथम सप्ताह से बोर्ड परीक्षाएं आयोजित किए जाने की परंपरा रही है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पिछले शैक्षणिक सत्र से दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा ▶▶| शेष पेज 6 पर



### समय-सारिणी

#### कक्षा-10वीं

- 21 फरवरी - हिंदी
- 24 फरवरी - अंग्रेजी
- 26 फरवरी- सामाजिक विज्ञान
- 28 फरवरी - विज्ञान
- 6 मार्च- गणित
- 9 मार्च- तृतीय भाषा : संस्कृत, उर्दू व अन्य
- 11 मार्च - व्यावसायिक पाठ्यक्रम
- 13 मार्च - संगीत, ड्राइंग व पेंटिंग (केवल दिव्यांग छात्रों के लिए)

#### कक्षा-12वीं

- 20 फरवरी - भूगोल, भौतिक शास्त्र
- 23 फरवरी - राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र सहित अन्य
- 25 फरवरी- संस्कृत
- 27 फरवरी - जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन व अन्य
- 2 मार्च- गणित, कंप्यूटर एप्लिकेशन व अन्य
- 7 मार्च- समाजशास्त्र
- 10 मार्च- अंग्रेजी
- 12 मार्च- इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि विज्ञान व अन्य
- 14 मार्च- हिंदी
- 16 मार्च- आईटी, रिटेल मार्केटिंग व अन्य
- 17 मार्च- उर्दू, पंजाबी, बंगाली व अन्य भाषा
- 18 मार्च- मनोविज्ञान


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹92440/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹112900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹123241/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

नर्सिंग काउंसलिंग प्रारंभ
बी.एस.सी (N), एम.एस.सी (N)
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी (N)
ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की तिथि
17-11-25 से 22-11-25 तक
श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स
7222910430/72
श्री रावतपुरा सरकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर
7222910473
मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी
7222910451
रविशंकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग, नया रायपुर
7222910424

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में गंभीर रूप से बीमार एक महिला को ले जा रही एक सरकारी एंबुलेंस को कार चालक ने करीब छह किलोमीटर तक रास्ता नहीं दिया जिसका 10,000 का चालान काटा।




## प्रफुल्ल कुमार का इस्तीफा मंजूर, विवेक शर्मा छग के नए एडवोकेट जनरल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शर्मा नए एडवोकेट जनरल बनाए गए हैं। विवेक शर्मा वर्तमान में अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में सेवा दे रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत के इस्तीफे के बाद उनके नाम का कयास लगाया जा रहा था,जिसपर आज मुहर लग गई है। विधि और विधायी विभाग ने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शर्मा के नाम का आदेश जारी कर दिया है। प्रफुल्ल कुमार का इस्तीफा मंजूर करने के साथ ही नए एडवोकेट जनरल का आदेश जारी किया गया है।छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति आर एस शर्मा के सुपुत्र हैं विवेक शर्मा। शासन की ओर से कई महत्वपूर्ण मामलों में दमदारी के साथ अपनी उपस्थिति देने ▶▶| शेष पेज 6 पर



## पाक में आतंकी हमले में सात लोगों की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में उग्रवादियों ने एक स्थानीय 'पीस कमेटी' के कार्यालय पर हमला कर कम से कम सात सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।पुलिस ने बताया कि बंदूकधारियों ने देर रात बन्नू जिले के दारा दरिज इलाके में कमेटी के कार्यालय पर हमला किया, और पीस कमेटी के प्रमुख कारी जलील के दफ्तर को निशाना बनाया।



## चिंतन

# तेजस विमान हादसे की जांच आवश्यक

दुबई एयर शो में भारतीय तेजस लड़ाकू विमान का प्रदर्शन उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाना केवल एक दुखद घटना नहीं, बल्कि भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता के सामने खड़े गंभीर प्रश्नों की ओर भी संकेत करता है। दुनिया के सबसे बड़े एविएशन आयोजनों में से एक माने जाने वाले दुबई एयर शो में जब शुक्रवार दोपहर तेजस अचानक नियंत्रण खोकर नीचे गिर पड़ा, तो कुछ ही पलों में अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर काले धुएं का विशाल गुबार उठता दिखाई दिया। हादसे में एक अनुभवी पायलट की जान चली गई। तेजस, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने विकसित किया है, भारत की आधुनिक रक्षा तकनीक का प्रतीक माना जाता रहा है। यह 4.5-जनरेशन का मल्टी-रोल कॉम्बैट विमान है, जिसे एयर-डिफेंस, ग्राउंड अटैक और नजदीकी लड़ाई जैसे विविध सैन्य अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका हल्का और छोटा ढांचा इसे फुर्तीला बनाता है और इसकी एक बड़ी विशेषता मार्टिन-बेकर की जीरो-जीरो इजेक्शन सीट है, जो पायलट को शून्य गति और शून्य ऊंचाई पर भी सुरक्षित बाहर निकलने की क्षमता देती है। यह विशेषता आधुनिक लड़ाकू विमानों में एक मजबूत सुरक्षा कवच मानी जाती है लेकिन यही विशेषताएं इस हादसे को और अधिक हैरान करने वाली बनाती हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि इतनी उन्नत सुरक्षा तकनीक के बावजूद पायलट सुरक्षित क्यों नहीं बच पाया? क्या इजेक्शन सिस्टम को सक्रिय करने के लिए समय नहीं मिल पाया, या क्या तकनीकी स्तर पर कोई चूक हुई? इन प्रश्नों के उत्तर न सिर्फ तकनीकी जांच पर निर्भर हैं, बल्कि भारत की वायु सुरक्षा नीतियों और प्रोटोकॉल पर भी। चिंता का दूसरा बड़ा पहलू यह है कि बीते दो वर्षों में यह दूसरा तेजस हादसा है। मार्च 2024 में जैसलमेर के पास हुए दुर्घटनाग्रस्त तेजस में पायलट सुरक्षित बच गया था। वह घटना 2001 में पहली टेस्ट फ्लाइट के बाद तेजस का पहला बड़ा हादसा थी। लेकिन अब एक और दुर्घटना ने यह समझने की ज़रूरत पैदा कर दी है कि क्या यह केवल संयोग है या किसी गहरी प्रणालीगत कमी का संकेत। एयर शो में हुए हादसे अलग तरह से महत्वपूर्ण होते हैं। यहां उड़ानें सिर्फ तकनीकी प्रदर्शन नहीं, बल्कि दुनिया के सामने देश की सैन्य और विमानन क्षमता का प्रदर्शन भी होती हैं। ऐसे मंच पर हुआ दुर्घटनाग्रस्त प्रदर्शन न केवल भारत की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर सकता है, बल्कि संभावित अंतरराष्ट्रीय रक्षा साझेदारियों और निर्यात योजनाओं पर भी सवाल खड़े कर करता है। इसके अलावा, यह घटना तेजस की युद्ध परिस्थितियों में विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि नियंत्रित प्रदर्शन वातावरण में सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो वास्तविक युद्ध परिस्थितियों में उच्च दबाव, ऊंचे तापमान और अचानक आने वाली चुनौतियों का सामना यह विमान किस स्तर पर कर पाएगा, यह गंभीर विमर्श का विषय है। इस दुर्घटना के बाद अनिवार्य रूप से व्यापक तकनीकी जांच होगी, लेकिन उससे अधिक आवश्यक है कि तेजस परियोजना के हर पहलू, डिज़ाइन, रख-रखाव, गुणवत्ता नियंत्रण, पायलट प्रशिक्षण और उड़ान सुरक्षा की समग्र समीक्षा की जाए। भारत ने तेजस को दशकों की मेहनत के बाद विकसित किया है और यह राष्ट्रीय गौरव का प्रोजेक्ट है। इसलिए इसका सुरक्षित, भरोसेमंद और युद्ध-सक्षम होना अनिवार्य है। तेजस की उड़ान तभी आसमान में स्थिर रह सकेगी, जब उसकी नींव तकनीकी और संस्थागत दोनों, और अधिक मजबूत बनाई जाए।

## प्रतिस्पर्धा

डॉ. एन. के. सोमानी



# खतरनाक है परमाणु परीक्षण का विचार

विश्व बिरादरी में जिस बात को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी अंततः वह सत्य साबित हुई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार इस बात की अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या राष्ट्रों के बीच एक बार फिर परमाणु हथियारों की खतरनाक प्रतिस्पर्धा शुरू होने जा रही है और दुनिया एक बार फिर शीत युद्ध के मुहाने पर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गुपचुप तरीके से परमाणु परीक्षण किए जाने के बाद मॉस्को से जो प्रतिक्रिया आई है, उससे भी इस बात की तस्दीक हो जाती कि बहुत जल्द विश्व भर में भू-राजनीतिक तापमान बढ़ने वाला है। हालांकि मॉस्को ने नवंबर के पहले सप्ताह में ही सुरक्षा परिषद को चेता दिया था कि यदि अमेरिका या व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर करने वाला कोई भी देश परमाणु हथियार का परीक्षण करता है तो रूस भी इस तरह का कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। दरअसल परमाणु प्रतिस्पर्धा को लेकर बयानबाजी का दौर पिछले महीने उस वक्त शुरू हुआ, जब अक्टूबर के अंत में रूस ने अपनी नई परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की। पोसाइडन परमाणु ड्रोन से लैस इस पनडुब्बी को डूम्सडे (कयामत का दिन ) मिसाइल भी कहा जाता है। पानी के अंदर हथियारों और रोबोटिक सिस्टम वाली यह पनडुब्बी रूस को अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने मे सक्षम बनाती है। मास्को के इस कदम के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने 30 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने से पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि उन्होंने अपने युद्ध विभाग को अन्य परमाणु-सशस्त्र शक्तियों के साथ 'समान आधार' पर तुरंत परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने का आदेश दिया है। लेकिन रूस की स्टेट न्यूज एजेंसी आरटी. कॉम ने इस बात का दावा कर सनसनी फैला दी कि अमेरिका ने अगस्त माह में ही गुपचुप तरीके से बी 61-12 थर्मोन्यूक्लियर बम का परीक्षण कर लिया है।

ऑपरेशन शैडो डाप कोडनेम के साथ किए गए इस परीक्षण में अमेरिका ने बिना वारहेड वाले बी-61-12 बम को एफ-35 विमान से गिराकर टेस्ट किया और दुनिया को इसकी भनक तक नहीं लगने दी। ऐसे में अहम सवाल यह है कि अमेरिका ने दुनिया को अंधरे में क्यों रखा। क्या ट्रंप ने दुनिया को उलझाए रखने के लिए ही सोशल मीडिया पर झूठे निर्देश दिए या इसका असल मकसद कुछ ओर था। कहा तो यह भी जा रहा है कि मॉस्को व बीजिंग पर रणनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए यह ट्रंप का महज एक रणनीतिक कदम है। अमेरिका ने आखिरी बार पूर्ण पैमाने पर परमाणु परीक्षण 1992 में किया था। इसके बाद 1996 में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने किसी भी तरह के परीक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब 33 साल के लंबे अंतराल के बाद ट्रंप ने परमाणु हथियार का परीक्षण कर दुनिया को अमेरिकी धमक से परिचित करवाया है। हाल के दिनों में जिस खतरनाक ढंग से दुनिया के सबसे बड़े परमाणु शस्त्रागार वाले देशों के बीच अचानक तनाव बढ़ा है, उसमें अमेरिका का यह कदम चिंता बढ़ाने वाला है। पिछले दिनों जब यूक्रेन युद्ध को रोकने के तमाम प्रयासों के असफल होने से तमतमाए ट्रंप ने हंगरी में पुतिन के साथ होने वाली वार्ता को रद्द करने का ऐलान किया, उसके बाद से ही इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही थी कि रूस पर युद्ध रोकने का दबाव बनाने के लिए अमेरिका की ओर से कुछ 'बड़ा कदम' उठाया जा सकता है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या यह परीक्षण यूक्रेन युद्ध को रोकने में विफल रहे ट्रंप की हताशा का परिणाम है। पिछले तीन दशक में न तो मॉस्को ने और न ही बीजिंग ने किसी तरह का परीक्षण किया है। अब मास्को की घोषणा के बाद बीजिंग भी देर-सबेर इसकी घोषणा कर सकता है। दुनिया पहले ही परमाणु हथियारों के ढेर पर है। चीन, फ्रांस, यूनाइडेट किंगडम, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजरायल को छोड़ दे तो भी अकेला अमेरिका और रूस के पास परमाणु हथियारों का बड़ा जखीरा है।

बताया जा रहा है कि रूस के पास अमेरिका की तुलना में न केवल अधिक परमाणु हथियार हैं बल्कि उसकी परमाणु तैयारी भी बेहतर है। ऐसे में अपनी-अपनी परमाणु ताकत दिखाने को उत्सुक ट्रंप और पुतिन के बयानों से साफ है कि संपूर्ण मानव जाति को खतरे में डालने वाली खतरनाक प्रतिस्पर्धा फिर से शुरू होने वाली है। हालांकि अब दुनिया वैसी नहीं है , जैसी 6 दशक पहले थी। लेकिन फिर भी महाशक्तियों को इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि तात्कालिक रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए परमाणु परीक्षण के इस्तेमाल का विचार खतरनाक भी साबित हो सकता है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। )




भाषायी विवाद

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# भाषायी असहिष्णुता की मानवीय कीमत

हाल ही में महाराष्ट्र की घटना ने देश को गहराई से विचलित किया है। ठाणे जिले में ट्रेन में सफर कर रहे 19 वर्षीय अर्णव खैरे, जो स्वयं मराठी भाषी परिवार से थे, धक्का-मुक्की के दौरान सहज ही हिंदी में बोल बैठे "थोड़ा आगे हो जाएं।" इस छोटे-से वाक्य ने कुछ लोगों के भीतर छिपे भाषाई कट्टरवाद को सुलगा दिया। उन पर सवाल उठाया गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोलते। देखते ही देखते बात तंज, अपमान और मारपीट तक पहुंच गई। एक साधारण-सा संवाद हिंसक असहिष्णुता में बदल गया। अर्णव इस घटना से अंदर तक टूट गया। यदि हम सहिष्णुता, संवाद और बहुभाषिक सौहार्द को अपना मूल्य बना लें, तो भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

भाषा वह मौलिक शक्ति है जो मनुष्य के विचारों, भावनाओं, संस्कारों, संबंधों और पहचान को एक सूत्र में पिरोती है। भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं है बल्कि मनुष्य की संस्कृति, इतिहास और सामूहिक स्मृति का जीवंत रूप है। इसलिए भाषा को लेकर सम्मान, सौहार्द और सहिष्णुता किसी भी सभ्य समाज के अनिवार्य तत्त्व माने जाते हैं। लेकिन जब यही भाषा अहंकार, आक्रोश और पहचान की राजनीति का मंच बन जाए, तो इसकी संजीदगी रक्तरंजित भी हो सकती है। भारत जहां भाषाओं की विविधता का अद्भुत संगम दिखाई देता है। वहीं यह भाषाओं की विविधता संवेदनशील और नाजुक भी दृष्टिगोचर होती है। इसी संवेदनशीलता के साथ किए गए किसी भी खिलवाड़ का परिणाम सामाजिक तनाव, हिंसा और कभी-कभी अमानवीयता तक पहुंच जाता है। हाल ही में महाराष्ट्र की घटना ने देश को गहराई से विचलित किया है। ठाणे जिले में ट्रेन में सफर कर रहे 19 वर्षीय अर्णव खैरे, जो स्वयं मराठी भाषी परिवार से थे, धक्का-मुक्की के दौरान सहज ही हिंदी में बोल बैठे "थोड़ा आगे हो जाएं।" इस छोटे-से वाक्य ने कुछ लोगों के भीतर छिपे भाषाई कट्टरवाद को सुलगा दिया। उन पर सवाल उठाया गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोलते। देखते ही देखते बात तंज, अपमान और मारपीट तक पहुंच गई। एक साधारण-सा संवाद हिंसक असहिष्णुता में बदल गया। अर्णव इस घटना से अंदर तक टूट गया। उसके पिता के अनुसार, वह घटना के बाद घबराए हुए, अवसादग्रस्त और भीतर से अस्थिर दिखने लगे थे। उनका आत्मविश्वास चकनाचूर हो चुका था। कुछ ही दिनों में उन्होंने आत्महत्या कर ली, एक ऐसी मौत जो किसी बीमारी, असफलता या व्यक्तिगत संकट की वजह से नहीं, बल्कि भाषा पर आधारित अपमान और भय की वजह से हुई। यह त्रासदी केवल एक युवक की मृत्यु नहीं है; यह उस समाज के अंतःकरण पर लगा गहरा प्रश्नचिह्न है जिसने भाषा के नाम पर हिंसा को स्वीकृति जैसा मौन समर्थन दे दिया है। यह बताती है कि भाषाई असहिष्णुता सिर्फ मारपीट जैसी सतही घटनाओं तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति की मानसिक संरचना, आत्मसम्मान और अस्तित्व-बोध पर प्रहार करती है। यह कोई पहली घटना भी नहीं है। महाराष्ट्र में भाषा की राजनीति और मराठी अस्मिता के सवाल दशकों से उबलते रहे हैं। कभी गैर-मराठी दुकानदारों, टैक्सी चालकों या कामगारों को अपमानित कर पीटा जाता है तो कभी लोकल ट्रेन, दफ्तर या हॉस्टल में हिंदी भाषियों को तिरस्कार झेलना पड़ता है। लेकिन इन सबके बीच पहली बार ऐसा उदाहरण सामने आया है जहां एक मराठी युवक को हिंदी बोलने के कारण उत्पीड़न झेलना पड़ा और अंततः उसने जान दे दी। यह इस बात का प्रमाण है कि असहिष्णुता का दानव किसी भी समय दिशा बदल सकता है, क्योंकि उसकी जड़ें भाषा में नहीं, बल्कि मनोवृति में होती हैं। जब समाज में भाषा पहचान के बजाय श्रेष्ठता साबित करने का माध्यम बन जाती है, तब वह अपनों को भी नहीं छोड़ती। महाराष्ट्र की यह घटना उस व्यापक भारतीय कहानी का हिस्सा है जिसमें भाषा अक्सर संवेदनशील राजनीतिक और सामाजिक प्रश्न बन जाती है। तमिलनाडु इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है, जहां 1965 में हिंदी-विरोध आंदोलन ने शिक्षा नीति,



संघवाद और स्थानीय अस्मिता को लेकर बड़े संघर्ष को जन्म दिया था। इसी तरह कर्नाटक-तमिलनाडु सीमा पर भाषा और क्षेत्रीय पहचान ने कई बार तनाव को जन्म दिया। पूर्वोत्तर भारत में भी भाषाई पहचान अक्सर संघर्षों का मूल रही है, असम बनाम बंगाली समाज, असम-मिज़ोरम की सीमा पर विवाद और बांग्लाभाषियों के खिलाफ आंदोलन इसके उदाहरण हैं। पंजाब में गैर-पंजाबी मजदूरों तथा हिंदी-उर्दू भाषी समुदायों से दूरी ओर अविश्वास कई बार उग्र रूप लेता रहा है। दिल्ली और उत्तर भारत में भी हिंदी-अंग्रेज़ी की प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय भाषाओं की उपेक्षा, एक अलग तरह की भाषाई असमानता को जन्म देती है। इन सभी घटनाओं से पता चलता है कि भाषाई तनाव किसी एक क्षेत्र की समस्या नहीं है; यह पूरे भारत के सामाजिक मनोविज्ञान में मौजूद एक पुराना, जटिल और बहुपरत तनाव है। भाषाई असहिष्णुता की सबसे बड़ी कीमत युवा पीढ़ी चुका रही है। किशोर और युवा, जो समाज के बदलते वातावरण को सबसे तेजी से ग्रहण करते हैं, भाषा आधारित अपमान और हिंसा के कारण गहरे मानसिक तनाव का सामना करते हैं। अर्णव की घटना इसका चरम रूप है, लेकिन उससे पहले भी न जाने कितने युवा भाषा के कारण भेदभाव, शर्मिंदगी और अवसाद से गुजर चुके हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बार-बार अपमानित होने पर व्यक्ति का आत्मविश्वास टूट जाता है। इस समस्या की जड़ें केवल समाज के व्यवहार में नहीं हैं, बल्कि राजनीति के उन विघटनकारी प्रयासों में भी हैं जहां भाषा को वोट बैंक का औजार बनाया जाता है। भाषायी अस्मिता को उभारना आसान है, क्योंकि यह गौरव और पीड़ित भाव दोनों को एक साथ जगाती है। कई राज्यों में नेताओं ने भाषा को भावनात्मक हथियार बनाकर मतदाताओं के बीच विभाजन पैदा किया। महाराष्ट्र इसका एक प्रमुख उदाहरण है। लेकिन इसका परिणाम यह हुआ कि भाषाई पहचान की राजनीति ने समाज के दैनिक जीवन में भी कटुता पैदा कर दी। यही वजह है कि समय-समय पर सामाजिक चिंतक, साहित्यकार और शिक्षाविद यह चेतावनी देते रहे हैं कि भाषा की राजनीति आर्थिक विकास, सामाजिक शांति और सांस्कृतिक सामंजस्य को चोट पहुंचाती है। समाधान का रास्ता केवल कानूनी नहीं हो सकता। समाज को सांस्कृतिक, शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर खुद को बदलना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में भाषाई विविधता और सहिष्णुता पर आधारित गतिविधियां, परिचर्चाएं और बहुभाषी उत्सवों का आयोजन करना होगा। बच्चों को यह सिखाना होगा कि किसी व्यक्ति की भाषा उसकी योग्यता का मापदंड नहीं होती। उसे सम्मान देना हमारी मानवीय जिम्मेदारी है। इसके साथ ही रेलवे, बस सेवाएं, लोकल प्रशासन और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में भाषा विविधता को लेकर संवेदनशीलता प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। डिजिटल दुनिया में भी भाषा-आधारित उत्पीड़न तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर भाषा का उपहास, तिरस्कार या नफरत फैलाना एक आम प्रवृत्ति बन चुकी है। इसके लिए भी कठोर नियम, दंड और जागरूकता अभियान जरूरी हैं। मीडिया को अपनी भूमिका निभाते हुए भाषाई विविधता को भारतीयता की शक्ति के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए, न कि विभाजन का आधार बना देना चाहिए। भाषा संवाद का माध्यम है, परख का नहीं। हमें तय करना होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को किस प्रकार का समाज सौंपना चाहते हैं, एक ऐसा समाज जहां विविधता को त्योहार की तरह मनाया जाए या एक ऐसा समाज जहां छोटी-सी भाषाई भिन्नता हिंसा का कारण बन जाए। यदि हम सहिष्णुता, संवाद और बहुभाषिक सौहार्द को अपना मूल्य बना लें, तो भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

( लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित

## दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

# जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित

## प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नीतीश की आगे की राह

नीतीश कुमार का बिहार की सत्ता पर लंबे समय से लगातार विराजमान होने पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। नीतीश कुमार देश की राजनीति के बेशक दिग्गज खिलाड़ी हैं, लेकिन वह भी दल बदलने में माहिर हैं। वह समय समय पर दल बदलकर बिहार से लेकर दिल्ली तक राजनीति में हलचल मचा देते हैं। उन्होंने जनता दल से रुठ कर समता दल बनाया, फिर जनता दल यूनाइटेड, कभी भाजपा में शामिल हुए तो कभी भाजपा से नाराजगी, कभी कांग्रेस की तरफ, शायद इनका झुकाव रहा। नीतीश कुमार ऐसा क्यों करते हैं, यह तो वो ही अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन फिर भी इनकी फिर से जीत यह भी सवाल खड़े करती है कि बिहार ने इन पर भरोसा किया या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू बरकरार रहा? नीतीश के सामने चुनौती अब यह है कि उन्हें जनता से किए वादे निभाने हैं। - **प्रमोद जोशी**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### कृषि सहयोग पर चर्चा



इज़राइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिचर से मिलकर खुशी हुई। कृषि में हमारे मज़बूत सहयोग को और मज़बूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें सटीक खेती, ड्रिप सिंचाई, रेगिस्तानी कृषि और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में इज़राइल की विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सके।

-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### नए श्रम कानून



नए श्रम कानून के तहत अब टेक्सटाइल वर्कर्स, एक्सपोर्ट सेक्टर, आईटी सेक्टर, तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों समेत सभी श्रमिकों के अधिकार और सुरक्षा को मज़बूती मिली है। श्रमिकों के सम्मान और भविष्य की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक फैसला।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### पायलट के निधन से दुःख



दुबई एयर शो में तेजस विमान दुर्घटना में हमारे बहादुर भारतीय वायुसेना पायलट के निधन से गहरा दुःख हुआ है। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। राष्ट्र उनके साहस और सेवा का सम्मान करते हुए उनके साथ खड़ा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### पहली अटल कैंटीन




दिल्ली से किया एक और वादा पूरा होने जा रहा है। आज पहली अटल कैंटीन की नींव रखी गई है। जल्द ही 100 अटल कैंटीनें जरूरतमंदों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरू होंगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# दुनिया को मिलकर जलवायु संबंधी वित्त बढ़ाने की जरूरत

पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने यहां कहा कि भारत जलवायु कार्रवाई के हिस्से के तौर पर घरेलू अनुकूलन के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वैश्विक खाई बढ़ने के चलते जलवायु अनुकूलन संबंधी वित्त को बढ़ाने की जरूरत है। यादव ने यह भी कहा कि जलवायु संबंधी वार्षिक शिखर सम्मेलन 'सीओपी 30' को एक साफ राजनीतिक संदेश देना चाहिए कि ''अनुकूलन कोई वैकल्पिक उपाय नहीं, बल्कि एक जरूरी निवेश है।" उन्होंने जारी 'यूएन सीओपी 30' शिखर सम्मेलन में बृहस्पतिवार को अनुकूलन पर 'बाकू उच्चस्तरीय संवाद' में अपने संबोधन के दौरान कहा, ''वर्ष 2025 की अनुकूलन अंतराल रिपोर्ट का अनुमान है कि विकासशील देशों को 2035 तक सालाना 310-365 अरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत होगी, जबकि अभी केवल 26 अरब अमेरिकी डॉलर मिल रहे हैं।'' यादव ने चिंता जताई कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो सार्वजनिक अनुकूलन वित्त को 2019 के स्तर से दोगुना करके 2025 तक लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर करने का 'ग्लासगो जलवायु समझौते' का लक्ष्य शायद पूरा नहीं हो पाएगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा, ''बाकू से बेलेम रोडमैप में बताए गए 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर तक जलवायु वित्त को बढ़ाने के लिए दुनिया भर को मिलकर कोशिश करनी होगी।''



## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं। लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं। बिल्ली की लार के माध्यम से इस प्रोटीन के कण उसके बालों और त्वचा पर आ सकते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
शनिवार, 22 नवंबर 2025
अगहन शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 25, अंक : 239
पृष्ठ : 12+10 = 22 मूल्य : 5.00***

**मौसम**
अधि. 31.2
न्यून. 14.1

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# धान उत्सव में अब रौनक, बाधा दूर, 18 दिन बाद टूटी सोसाइटी की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि खास**

छत्तीसगढ़ में सोसाइटियों के प्रबंधकों, धान खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर आपरेटरों की तीन नवंबर से जारी हड़ताल टूट गई है। खास बात ये है कि सोसाइटी कर्मचारी संघों की जिला इकाइयों ने अपने-अपने जिलों में हड़ताल खत्म करने की घोषणा की है। जिन मांगों को लेकर ये लोग आंदोलित थे, उन पर सरकार से कोई सहमति नहीं बन पाई, लिहाजा कोई मांग भी पूरी नहीं हुई है। अब सोमवार से यही लोग धान खरीदी में जुटेंगे और पीडीएस का राशन वितरण करने वाली सोसाइटियों से राशन का वितरण भी शुरू होगा। राज्य में इस साल यह पहला अवसर था जब धान खरीदी के पहले ही सोसाइटी प्रबंधकों, धान खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने 3 नवंबर से बेमुद्दत हड़ताल शुरू की थी। सरकार की ओर से वार्ता भी की गई, लेकिन बात नहीं बनी। हालांकि हड़ताली मांगें पूरी होने तक आंदोलन में डटे रहने का दावा करते रहे, लेकिन स्थानीय प्रशासन और सरकार के दबाव के आगे आखिरकार इन्हें झुकना ही पड़ा। खाद्य विभाग की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि हड़ताल समाप्त हो गई है।

1. 3 नवंबर से शुरू हुई थी बेमुद्दत हड़ताल
2. सरकार से वार्ता रही असफल, लौटना पड़ा काम पर



### प्रबंधक सोमवार से लौटेंगे काम पर, राशन भी बंटेगा

सोसाइटी प्रबंधकों की हड़ताल को लेकर राज्य शासन ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए कृषि, राजस्व सहित अन्य विभागों के कर्मियों और खरीदी व्यवस्था की निगरानी के लिए अफसरों की तैनाती की थी। ये लोग धान खरीदी करवा रहे थे, लेकिन अब शुक्रवार से हड़ताल खत्म होने के बाद सोमवार से सोसाइटी कर्मी पहले की तरह धान खरीदी में जुटेंगे। इसी मामले से जुड़ी एक खबर ये भी है कि यह हड़ताल खत्म होने के साथ ही ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ये थी मांगें

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के आह्वान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर ये हड़ताल की जा रही थी। इसमें ये मुद्दे शामिल थे, वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में धान परिवहन के बाद हुई संपूर्ण सूखत मान्य कर राशि समितियों को देते हुए धान खरीदी वर्ष 2024-25 में परिवहन पश्चात संपूर्ण सुखत समिति को दे अथवा प्रत्येक सप्ताह संपूर्ण परिवहन हो और वर्ष 2024-25 में शून्य शार्टेज प्रोत्साहन का भी प्रावधान कर विभिन्न प्रदत्त कमीशन, प्रासंगिक, सुरक्षा व्यय में बढोतरी, एवं मध्य प्रदेश की तरह शासकीय उचित मूल्य दुकान दारों के विक्रेताओं को प्रतिमाह 3000 रूपये दिए जाएं। कलेक्टर द्वारा नामित प्रशासनिक धान खरीदी अधिकारी प्रभारी को खरीदी से सम्पूर्ण धान परिवहन मिलान अंतिम तक सूखत की जिम्मेदारी लिखित में जारी हो। आउटसोर्सिंग द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर के नियोजन को विलोपित कर विभाग तय करते हुए नियमितिकरण किया जाए। ▶▶| शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बेटे की सगाई थी, रात को पूरा परिवार खत्म



**गोधरा।** गुजरात के गोधरा में गुरुवार देर रात घर में लगी आग के धुएं से दम घुटकर एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। परिवार के बड़े बेटे की शुक्रवार को सगाई होनी थी। रात को पूरी तैयारियां की गईंसुबह उन्हें वापी निकलना था, लेकिन आग लगने से उठे जहरीले धुएं ने उनकी जान ले ली। सुबह सगाई के लिए जाने वाले थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ की एक अदालत ने चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने और उसे गंभीर चोट पहुंचाने के जुर्म में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुये आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रधान जिला एवं सत्र अदालत के न्यायाधीश सुनील वेदपाठक ने अपने आदेश में दोषी ठहराए गए माधव रमेश जानोले पर 50,500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कागजात के अनुसार, बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी।

### मणिपुर में संगाई महोत्सव को लेकर पथराव, लाठी चार्ज



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में संगाई महोत्सव का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने हिंसक रूप लेते हुए सुरक्षा बलों पर पथराव कर दिया। सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रित करने लाठी चार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े। सीओसीओएमआई राज्य सरकार के पर्यटन महोत्सव का विरोध कर रही है। कार्यक्रम रोकने जब प्रदर्शनकारी उत्सव स्थल जा रहे थे तभी पथराव हो गया।

## कोयला माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, करोड़ों का घोटाला आ रहा सामने

# कोयला घोटाला में झारखंड और बंगाल में ईडी ने मारे 40 ठिकानों पर छापे

एजेंसी ▶▶| रांची/कोलकाता

**प्रवर्तन निदेशालय ने कोयला माफियाओं के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। झारखंड और पश्चिम बंगाल के अलग-अलग जिलों में 40 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गई है। कोयला कारोबार से जुड़े मामलों में ईडी ने आरोपियों के खिलाफ यह तलाशी अभियान शुरू किया।**

इस कार्रवाई का लक्ष्य अवैध कोयला खनन, कोयले की चोरी और तस्करी से जुड़े लोगों की जांच करना है। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे शुरू की गई छापेमारी में 40 से अधिक परिसरों की तलाशी ली जा रही है, जिसमें संघीय जांच एजेंसी के लगभग 100 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। ईडी दलों ने कुछ स्थानों से नकदी और सोने के आभूषण भी जब्त किए हैं।

ईडी अधिकारियों के अनुसार यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं, क्योंकि यह पूरा नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ है। ईडी बैंक खातों, दस्तावेजों, इलेक्ट्रॉनिक डेटा और बरामद नकदी के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। केंद्रीय सुरक्षा बलों के दलों ने ईडी टीम को सुरक्षा प्रदान की, जिन्होंने टोल संग्रह बूथों और ▶▶| शेष पेज 6 पर

### प. बंगाल में नामचीन नामों के ठिकानों पर छापे

अधिकारियों के अनुसार, पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर, पुरुलिया, हावड़ा, कोलकाता में 24 परिसरों में छापे की कार्रवाई चल रही है। ईडी को जानकारी मिली थी कि कई लोग अवैध खनन, अवैध परिवहन और कोयले के भंडारण में शामिल हैं। जिन लोगों के परिसरों की तलाशी ली जा रही है उनमें नरेंद्र खड़का, युधिष्ठिर घोष, कृष्ण मुरारी कयाल, चिन्मयी मंडल, राजकिशोर यादव और अन्य शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, बंगाल में हुई रेड के दौरान भारी मात्रा में नकदी और सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए हैं। अभी भी जांच जारी है।



### झारखंड में इन प्रमुख 18 जगहों पर एक्शन

ईडी की अलग-अलग टीमों ने झारखंड में कुल 18 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया है। एएनआई के अनुसार, ये कार्रवाई उन मामलों से जुड़ी है जो कोयले की चोरी और तस्करी से संबंधित हैं। इसमें कुछ प्रमुख नाम शामिल हैं। जैसे अनिल गोयल, संजय उद्योग, एलबी सिंह, अमर मंडल शामिल हैं। ईडी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन लोगों ने अवैध कोयला कारोबार से कितनी कमाई की और पैसों को कहां और कैसे इस्तेमाल किया।

### सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान

अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में बड़े पैमाने पर कोयला चोरी शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में कोयले के कथित अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की जांच के तहत दुर्गापुर, पुरुलिया, हावड़ा और कोलकाता जिलों में लगभग 24 परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

# विधायक को डिजिटल अरेस्ट करने झांसा, कहा-आपका फोन नंबर आतंकी हमले में हुआ है यूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइबर जालसाज ने रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी को उनके मोबाइल नंबर का आतंकी गतिविधियों में उपयोग होने का झांसा देकर डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश की। विधायक के पास आईबी अफसर बनकर उसने तीन दिन पूर्व 19 नवंबर को कॉल कर धमकी दी। सुनील सोनी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।



जालसाज ने सुनील सोनी को इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी बनकर कॉल किया था। उसने कहा कि आपका नंबर पहलगाम आतंकी हमले में उपयोग हुआ है। उन्हें दिल्ली आना पड़ेगा। शक होने पर विधायक ने कॉल कट कर दिया। इसके बाद जालसाज ने विधायक को दोबारा कॉल कर धमकाने की कोशिश की। इस पर सुनील सोनी ने जालसाज को अपना परिचय देते हुए रायपुर दक्षिण का विघायक होने की जानकारी दी। बावजूद इसके जालसाज ने विधायक को धमकी देते हुए दिल्ली तलब होने की बात कहते हुए सुनील सोनी को उनका मोबाइल नंबर बताया।

- परिचय देने के बाद जालसाज ने कहा- उसे उसका आदमी थोड़ी देर में डिजिटल अरेस्ट करेगा

### डिजिटल अरेस्ट की धमकी

जालसाज ने विधायक को झांसे में लेने के लिए धमकाते हुए कहा कि आप कोई भी हों, आपके नंबर का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए किया गया है। जालसाज ने विधायक को उसके एक अन्य अधिकारी द्वारा डिजिटल अरेस्ट कर पूछताछ करने का झांसा दिया। जालसाज विधायक के साथ प्रोफसनल तरीके से बात कर रहा था। डिजिटल अरेस्ट किए जाने की बात सामने आने पर सुनील सोनी समझ गए कि अज्ञात जालसाज उन्हें अपने झांसे में लेने की कोशिश कर रहा है। इसके बात विधायक ने कॉल कट कर लिखित शिकायत रायपुर एसएसपी के पास की।

# नितिन नबीन का कद बढ़ा, पथ निर्माण के साथ ही नगरीय निकाय और आवास भी

एजेंसी ▶▶| पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण के दूसरे दिन बिहार सरकार में विभागों का बंटवारा कर दिया गया। नई कैबिनेट में सबसे अहम गृह विभाग डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को सौंपा गया है। वहीं छत्तीसगढ़ के प्रभारी नितिन नबीन का कद बढ़ा है। उन्हें पथ निर्माण विभाग के साथ-साथ नगर विकास एवं आवास विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। बिहार की सत्ता में 20 साल में यह पहली बार है जब नीतीश कुमार ने गृह विभाग अपने पास नहीं रखा है। नए मंत्रिमंडल में बीजेपी कोटे से मंत्री बने वरिष्ठ नेता रामकृपाल यादव को ▶▶| शेष पेज 6 पर



### नीतीश कैबिनेट में किस पार्टी से कितने मंत्री

नीतीश कुमार के साथ उनकी नई कैबिनेट के 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली थी। इनमें बीजेपी के 14 और जेडीयू कोटे के 8 मंत्री शामिल हैं। 26 नए मंत्रियों में एक मुस्लिम, 3 महिलाएं शामिल हैं। वहीं, पहली बार विधानसभा पहुंचे 3 विधायक भी मंत्री बने हैं। नीतीश कुमार ने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में अपना 10वां कार्यकाल शुरू कर दिया है।

### किसको मिला कौन सा पद

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल बिहार के नए उद्योग मंत्री बनाए गए हैं। कई पुराने मंत्रियों के पास पहले वाले विभाग ही हैं, जिनमें ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री लेशी सिंह वगैरह शामिल हैं। विजय चौधरी के पास जल संसाधन विभाग जारी रखा गया है। नए मंत्रियों में रामकृपाल यादव को कृषि, श्रेयसी सिंह को खेल और आईटी, संजय ▶▶| शेष पेज 6 पर

# नपा. गरियाबंद का इंजीनियर 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पालिका परिषद गरियाबंद में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है। एन्टी करप्शन ब्यूरो ने नगर पालिका के सहायक अभियंता संजय मोटवानी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। निर्माण कार्य के भुगतान के एवज में अभियंता द्वारा 1 लाख 25 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। अमलीडी रायपुर निवासी ठेकेदार अजय ▶▶| शेष पेज 6 पर



- भुगतान के लिए मांगी थी 1.25 लाख रिश्वत

### रंगे हाथ पकड़ाया अब घर की तलाशी भी शुरू

*शिकायत की पुष्टि होने के बाद एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। निर्धारित योजना के अनुसार ठेकेदार द्वारा दी जा रही 30 हजार रुपए की पहली किस्त लेते ही अभियंता को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने अभियुक्त के निवास की तलाशी भी शुरू कर दी है। एसीबी ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ धारा 7, पीसी एक्ट 1988 के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।*




भारत की मनिका का टूटा सपना

# मेक्सिको की फातिमा बनीं मिस यूनिवर्स, जिसे कहा था- बेवकूफ

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

मेक्सिको की 25 वर्षीय फातिमा बॉश फर्नांडीज ने शुक्रवार को मिस यूनिवर्स 2025 का ताज अपने नाम किया। यह जीत उनके लिए नाटकीय रही। बैंकॉक में आयोजित इस लोकप्रिय सौंदर्य प्रतियोगिता के एक मेजबान द्वारा फातिमा बॉश को बेवकूफ दिमाग कहा था। सार्वजनिक रूप से की गयी बदसलूकी का उनके डटकर सामना करने के कारण चर्चा में रहीं। इस प्रतियोगिता की उप विजेता थाईलैंड की 29 वर्षीय प्रवीनर सिंह रहीं जबकि तीसरा स्थान वेनेजुएला की 25 वर्षीय स्टेफनी एड्रिआना अबासाली नासिर ने हासिल किया। इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहीं 22 वर्षीय मनिका विश्वकर्मा टॉप 12 में अपनी जगह नहीं बना पाईं। कई राउंड्स और कड़े मुकाबले के बाद मेक्सिको की फातिमा बॉश को मिस यूनिवर्स 2025 का ताज पहनाया गया।



### विक्टोरिया थेलविग ने पहनाया ताज

मिस यूनिवर्स 2024 की विनर डेनमार्क की विक्टोरिया केजर थेलविग ने इस साल फिनाले में मेक्सिको की फातिमा बॉश को ताज पहनाया। विक्टोरिया पहली डेनिश महिला हैं, जिन्होंने यह खिताब जीता था। मिस यूनिवर्स 2025 शुरुआत से ही विवादों में घिरा रहा। फिनाले से केवल तीन दिन पहले ही जज और म्यूजिशियन उमर हार्फूच ने इस्तीफ़ा दिया।

### फाइनल रिजल्ट

विजेता- मेक्सिको (फातिमा)
पहला रनरअप- थाईलैंड
दूसरा रनरअप- वेनेजुएला
तीसरा रनरअप- फिलीपींस
चौथा रनरअप- कोटे डी आइवर

### विवादों में घिर गई थी फातिमा बॉश?

फाइनल से करीब दो हफ्ते पहले विनर बनी फातिमा बॉश एक विवाद में भी घिर गई थीं। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक मीटिंग के दौरान मिस यूनिवर्स की होस्ट नवात इट्सराग्रिसिल ने लाइव सेशन में फातिमा के लिए अपमानजनक शब्द बेवकूफ दिमाग का उपयोग किया। इसके बाद फातिमा गुस्से में मीटिंग छोड़कर निकल गई थीं। यह घटना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी।



*नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के परिवार का कोई सदस्य सक्रिय राजनीति में नहीं है मगर गुरुवार को जब उन्होंने रिकॉर्ड 10वीं बार सीएम पद की शपथ ली उसके बाद से ही परिवारवाद को संरक्षण देने को लेकर उन्हें विपक्ष घेर रहा है। बिहार विधान सभा की की 243 सीटों में से 202 पर जीत हासिल वाले एनडीए के 26 मंत्रियों में से 10 का सम्बन्ध राजनीतिक परिवारों से है। इस सूची में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से लेकर सबसे कम उम्र की मंत्री बनी श्रेयसी सिंह परिवारवाद की वजह से राजनीति में आईं हैं।*

राजद सहित विपक्षी दलों ने साधा निशाना

# नीतीश के 26 मंत्रियों में से 10 'परिवारवाद' की देन

## नीतीश विपक्ष पर लगाते रहे हैं परिवारवाद का आरोप

### डिप्टी सीएम सम्राट की विरासत

बिहार की नई नीतीश सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाए गए सम्राट चौधरी भी परिवारवाद की देन हैं। बीजेपी के टिकट पर तारापुर से विधायक बने सम्राट के पिता शकुनी चौधरी लालू यादव की सरकार में मंत्री रहे हैं, जबकि सम्राट की मां पार्वती देवी विधायक थीं। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन मांझी को नीतीश सरकार में मंत्री बनाया गया है। वहीं संतोष मांझी की पत्नी दीपा मांझी इमामगंज से और उनकी सास ज्योति मांझी बाराचट्टी से जीतकर विधायक बनी हैं। संतोष विधान परिषद विधायक हैं। इसके अलावा सिकंदरा से विधायक बने प्रफुल्ल मांझी जीतन राम मांझी के दामाद हैं।

### कुशवाहा के बेटे की हो रही चर्चा

नीतीश सरकार में मंत्री बनाए गए दीपक प्रकाश को लेकर खूब चर्चा हो रही है। दीपक पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के बेटे हैं। जबकि दीपक की मां स्नेहलता कुशवाहा सासाराम से विधायक चुनी गईं हैं। दीपक अभी विधानसभा या विधान परिषद किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। बीजेपी के पूर्व सांसद अजय निषाद की पत्नी रमा निषाद को भी नीतीश सरकार में मंत्री बनाया गया है। औराई से बीजेपी की विधायक बनीं रमा पूर्व केंद्रीय मंत्री कैप्टन जय नारायण निषाद की पुत्रवधु हैं।



### अंतर्राष्ट्रीय शूटर श्रेयसी

नीतीश सरकार में सबसे कम उम्र की मंत्री बनीं श्रेयसी सिंह अंतरराष्ट्रीय शूटर रही हैं। बीजेपी के टिकट पर जमुई से दूसरी बार विधायक बनीं श्रेयसी पूर्व केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व सांसद पुतुल कुमारी की बेटी हैं। नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले विजय चौधरी को भी कैबिनेट में जगह मिली है। जेडीयू विधायक विजय चौधरी पूर्व विधायक जगदीश प्रसाद चौधरी का बेटे हैं।

### सभी सहयोगी दलों के विधायक परिवारवादी

समस्तीपुर से सांसद शांभवी चौधरी के पिता अशोक चौधरी को भी नीतीश कैबिनेट में शामिल किया गया है। जदयू कोटे से विधान परिषद विधायक अशोक चौधरी बिहार के पूर्व मंत्री रहे महावीर चौधरी के बेटे हैं। अशोक चौधरी को सीएम नीतीश का करीबी माना जाता है। बांकीपुर से बीजेपी से पांचवी बार विधायक बने नितिन नबीन को भी नीतीश सरकार में जगह मिली है। नबीन बीजेपी के बड़े नेता और पूर्व विधायक रहे नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। जदयू कोटे से मंत्री बने अनिल कुमार बिहार के पूर्व मंत्री रहे चन्द्रिका राम के बेटे हैं। वहीं मंत्री लेशी सिंह के पति भूटन सिंह समता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रहे हैं।

### एक ही परिवार के 6 लोगों को दिया टिकट

इधर, महाराष्ट्र में भी नगर निगम चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। सरकार में शामिल बीजेपी की सहयोगी राकांपा (अजित) ने सहयोगी बीजेपी के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है। दरअसल नांदेड़ जिले की लोहा नगर परिषद के चुनाव में बीजेपी ने एक ही परिवार के 6 लोगों को प्रत्याशी बना दिया है। लोहा नगर परिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद से लेकर पार्षद तक के लिए बीजेपी ने एक ही परिवार के 6 लोगों को उम्मीदवार बनाया है, जिसको लेकर एनसीपी (एपी) के विधायक प्रताप पाटिल चिखलिकर ने बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा है कि जब बड़े नेता उपयुक्त प्रत्याशी नहीं खोज पाते तो ऐसा ही होता है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली : स्कूलों में होगी मेंटल हेल्थ की जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक स्कूल में शौर्य पाटिल नाम के स्टूडेंट के



सुसाइड मामले ने सरकार और अन्य बच्चों के परिजनों को झकझोर कर रख दिया है। शौर्य को इंसाफ दिलाने के लिए दिल्ली में अभिभावकों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने राजधानी के सभी स्कूलों में बच्चों का मेंटल हेल्थ प्रैक्टिस का रिव्यू कराने का आदेश जारी किया है। इस प्रक्रिया के तहत दिल्ली के हर स्कूल में पढ़ रहे बच्चे की मेंटल हेल्थ की जांच कराई जाएगी।

### पाक : बॉयलर फैक्ट्री में धमाका, 15 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शुक्रवार को एक फैक्ट्री के बॉयलर में भीषण विस्फोट हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। यह हादसा सुबह पंजाब के फैसलाबाद जिले में हुआ, जो लाहौर से लगभग 130 किमी दूर है। फैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर राजा जहांगीर अनवर ने बताया कि मलिकपुर इलाके की एक केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर में जबरदस्त धमाका हुआ, जिससे आसपास की इमारतें भी ढह गईं। 'अब तक रेस्क्यू टीमों ने मलबे से 15 शव बरामद कर लिए हैं और सात घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।'

### आगामी संसद सत्र में शामिल होंगे अमृतपाल!

**चंडीगढ़।** खडूर साहिब से निर्वाचित स्वतंत्र सांसद अमृतपाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते



हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मामला निपटाते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। कोर्ट ने अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) और पंजाब सरकार को आदेश दिया है कि वे अमृतपाल सिंह की ओर से संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए मांगी गई इंटरिम कस्टडी पैरोल पर एक हफ्ते के भीतर निर्णय लें। अमृतपाल सिंह वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत 2023 से हिरासत में हैं।

चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर मांगा जवाब, 26 को अगली सुनवाई

# केरल और दूसरे राज्यों के एसआईआर पर सुनवाई को राजी हुआ सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केरल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इन्टेंसिव रिविजन (एसआईआर) रोकने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। केरल सरकार के अलावा कुछ राजनीतिक दलों ने भी राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव का हवाला देते हुए एसआईआर पर रोक की मांग की है। कोर्ट अब इस मामले में अगली सुनवाई 26 नवंबर को करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने केरल, तमिलनाडु, बंगाल, उत्तर प्रदेश और दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों के एसआईआर एक्सरसाइज करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। यूपी के बाराबंकी के कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने भी उत्तर प्रदेश में एसआईआर न करवाने की मांग की है। कोर्ट ने

### राज्यों की सभी याचिकाओं पर अब एक बैच में होगी सुनवाई



इस पर भी नोटिस जारी किया। हालांकि, कोर्ट ने साफ किया कि 26 नवंबर को वह सिर्फ केरल के मामले पर सुनवाई करेगा। इसके

### 12 राज्यों में जारी है एसआईआर फरवरी में आएगी फाइनल लिस्ट

अलावा उस दिन बिहार एसआईआर पर लंबित याचिकाओं की सुनवाई होगी।

केरल में एसआईआर को चुनौती देने वाले एक याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव भी होने हैं और इसलिए, इस मामले में तत्काल विचार की आवश्यकता है। बेंच ने निर्देश दिया कि केरल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 26 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा और दूसरे राज्यों में इस कवायद को चुनौती देने वाली बाकी याचिकाओं पर दिसंबर के पहले या दूसरे हफ्ते में सुनवाई होगी।

### इन पार्टियों की याचिकाएं

सुप्रीम कोर्ट पहले ही पूरे भारत में एसआईआर कराने के निर्वाचन आयोग के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने 11 नवंबर को डीएमके, माकपा, पश्चिम बंगाल कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की याचिकाओं पर आयोग से अलग-अलग जवाब मांगे थे। इन याचिकाओं में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के एसआईआर को चुनौती दी गई थी।

### 12 राज्यों में से 4 में अगले साल होने हैं चुनाव

आयोग जिन राज्यों में एसआईआर करा रहा है, उनमें छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप शामिल हैं। इन 12 राज्यों में से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं।

**तमिलनाडु ने किया सबसे पहले विरोध :** एसआईआर का सबसे अधिक विरोध दक्षिण के राज्यों में हो रहा है सबसे पहले तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने आयोग के इस कदम को लोगों के वोट छीनने की साजिश बताया है। डीएमके का कहना है कि राज्य में नवंबर-दिसंबर में पूर्वोत्तर मानसून सक्रिय रहता है, ऐसे समय में इतनी बड़ी प्रक्रिया चलाना मुश्किल होगा। पार्टी ने कहा है कि हम मतदाता सूची अपडेट करने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे जल्दबाजी में नहीं करना चाहिए, खासकर जब अप्रैल में विधानसभा चुनाव होने हैं। डीएमके ने बिहार में हुए एसआईआर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वहां मुसलमानों, दलितों और महिलाओं को निशाना बनाया गया।

**बंगाल, केरल ने भी जताया विरोध :** पश्चिम बंगाल में सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस और केरल में वाम मोर्चे की सरकार ने भी इस फैसले की आलोचना की है। टीएमसी चीफ व बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, 'बिहार में जो हुआ, वह सिर्फ रिहर्सल था। असली निशाना पश्चिम बंगाल है। लेकिन बंगाल के लोग चुनाव आयोग को जवाब देंगे।' केरल अपने यहां एसआईआर का इसलिए भी विरोध कर रहा है, क्योंकि वहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं।

**यूपी में कांग्रेस-सपा ने जताया विरोध :** एसआईआर उत्तर प्रदेश में भी कराया जा रहा है, जहां अगले साल पंचायत चुनाव होने हैं। ऐसे में एसआईआर से पंचायत चुनाव का प्रभावित होना तय है, क्योंकि लोकसभा-विधानसभा चुना की मतदाता सूची अलग और पंचायत चुनाव की मतदाता सूची अलग होती है, लेकिन उन्हें तैयार करने वाले कर्मचारी एक ही होते हैं। कांग्रेस-सपा ने इसका विरोध जताया है। बाराबंकी के कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने एसआईआर न कराने की मांग की है।

### अब ईवीएम पर दिखेगी उम्मीदवार की तस्वीर



पश्चिम बंगाल में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राज्य में 2026 विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की जांच और मतदान अभ्यास शुरू करने का कार्यक्रम तय किया है। उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में कई प्रथम स्तर की जांच (एफएलसी) टीम के सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने यह भी नए नियम लागू किया है कि इस बार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार की छवि सहित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर कौन-सी जानकारी दिखाई जाएगी, यह तय किया गया है। यह पहली बार है जब मशीनों पर उम्मीदवार की तस्वीर भी दिखाई जाएगी। चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, उम्मीदवार की छवि ईवीएम के बटन के पास रखी जाएगी और प्रशिक्षण के दौरान भी दिखाई जाएगी।

# भारत ने फिर शुरू किया चीनी पर्यटकों के लिए टूरिस्ट वीजा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने हाल ही में दुनिया के विभिन्न देशों में मौजूद अपने दूतावासों और कॉन्सुलेट्स के माध्यम से चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा आवेदन दोबारा खोल दिए हैं। यह कदम दोनों देशों के बीच एलएसी पर लंबे सैन्य तनाव के बाद रिश्तों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है। 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद चीनी नागरिकों के वीजा स्थगित कर दिए गए थे। जिससे संबंध दशकों में पहली बार बेहद निचले स्तर पर पहुंच गए थे। अब बिना किसी औपचारिक घोषणा के यह सुविधा फिर से शुरू कर दी गई है। जानकारों का कहना है कि यह निर्णय दोनों देशों के बीच लोगों के संपर्क बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### रिश्ते बेहतर बनाने की पहल

सूत्रों ने बताया कि हाल के महीनों में भारत और चीन ने आपसी रिश्तों को स्थिर करने के लिए कई 'पीपल-सेंट्रिक' कदमों पर सहमति जताई है। इसी क्रम में 2020 से बंद पड़ी सीधी उड़ानें अक्टूबर 2024 में बहाल की गईं. इसके अलावा कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर शुरू करने, विभिन्न श्रेणियों के यात्रियों के लिए वीजा सुविधा बढ़ाने और राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर संयुक्त गतिविधियां आयोजित करने जैसे उपाय भी किए गए। इससे पहले भारत ने केवल चीन स्थित अपने मिशनों के माध्यम से ही चीनी पर्यटकों को वीजा देना शुरू किया था। अब यह सुविधा वैश्विक स्तर पर उपलब्ध होने से दोनों देशों के बीच आम लोगों के स्तर पर संवाद और बढ़ने की उम्मीद है।

# कश्मीर के अस्पतालों में हथियारों का जखीरा बनाने की थी प्लानिंग

### दिल्ली बम ब्लास्ट मामले में एक और खुलासा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के लाल किला विस्फोट में शामिल जैश का मॉड्यूल कश्मीर के अस्पतालों को बड़े हथियार भंडारण केंद्रों में बदलने की योजना बना रहा था। ठीक उसी तरह जैसे गाजा के अस्पतालों में हमास हथियार जमा करता है। एनआईए की जांच के दौरान यह बड़ा खुलासा हुआ है। जिस तरह हमास ने गाजा के अल-शिफा अस्पताल को हथियार भंडारण स्थल के रूप में इस्तेमाल किया था, उसी तरह जैश का यह मॉड्यूल बारामूला, अनंतनाग



और बडगाम के कई अस्पतालों को हथियार भंडारण केंद्रों में बदलने की कोशिश कर रहा था। एनआईए सूत्रों के अनुसार, हमास और जैश कैडरों के बीच बढ़ती नजदीकियों के बारे में जानकारी मिलने के बाद, इस बात की संभावना काफी बढ़ गई है कि इस जैश मॉड्यूल को हमास से तकनीकी सहायता भी मिल रही थी। इसके बाद, जांच एजेंसी को अहम जानकारी मिली।

### जैश का 'डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल'

जैश का 'डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल' अनंतनाग, श्रीनगर, बारामूला और नौगाम के अस्पतालों को ऐसे घातक हथियारों के भंडारण केंद्र बनाने की साजिश रच रहा था। यह जानकारी मिलते ही पुलिस ने कश्मीर के अस्पतालों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की, जहां आरोपी डॉक्टरों के लॉकरों से हथियार बरामद किए गए।

### बना रहे थे बायोलॉजिकल वेपन भी

गुजरात एटीएस ने पिछले दिनों तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में हैदराबाद से एक डॉक्टर की भी गिरफ्तारी हुई थी। एटीएस जब हैदराबाद में डॉक्टर अहमद सैयद के घर पहुंची, तो वहां से बड़ी मात्रा में आतंकवाद से जुड़ी कुछ आपत्तिजनक सामग्री मिली थी।

कर्नाटक में सीएम पद को लेकर फिर छिड़ी रार

# डीके गुट ने दिल्ली में डेरा डाला सिद्धारमैया बोले- पद पर बने रहूंगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी खींचतान लगातार बढ़ती जा रही है। दिल्ली में डीके गुट के शक्ति प्रदर्शन के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कहा कि वह पद पर बने रहेंगे और भविष्य में राज्य का बजट भी पेश करेंगे। उनका यह बयान सत्ताधारी कांग्रेस में चल रहे जोरदार सत्ता संघर्ष के बीच आया है, जिसमें डीके शिवकुमार खेमे के नेता हाईकमान पर बदलाव के लिए दबाव बना रहा हैं। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि कम से कम 15 विधायक और करीब एक दर्जन एमएलसी शिवकुमार को अगला मुख्यमंत्री बनाने के लिए पार्टी लीडरशिप पर दबाव डालने के लिए नई दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं।



### हाईकमान लेगा फैसला : सिद्धारमैया

इस मामले पर सिद्धारमैया ने कहा, कि हाई कमान इस पर फैसला लेगा, चाहे नेतृत्व बदलने की बात हो या मंत्रीमंडल के पुनर्गठन का विषय हो, हाईकमान को ही फैसला लेना है, उसे मुझे भी मानना पड़ेगा, शिवकुमार को भी मानना पड़ेगा और सभी को मानना पड़ेगा।

### गुटबाजी मेरे खून में नहीं : डीके

राज्य में सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों पर डीके शिवकुमार ने कहा, गुटबाजी करना मेरे खून में नहीं है। सभी 140 एमएलए मेरे एमएल हैं। मुख्यमंत्री ने तय किया कि वह सरकार, कैबिनेट में फेरबदल करेंगे। इसलिए वे सभी मंत्री बनने में दिलचस्पी रखते हैं। यह स्वाभाविक है कि वे दिल्ली जाकर नेताओं से मिलेंगे। इसके अलावा मैं क्या कह सकता हूं? उन्हें पूरा अधिकार है। मैं किसी को नहीं ले गया।

### शक्ति प्रदर्शन पर कांग्रेस सख्त

*शिवकुमार समर्थकों के शक्ति प्रदर्शन व बयान को लेकर कांग्रेस ने चेतावनी जारी की है। एआईसीसी महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी ने सभी विधायकों को निर्देश दिए हैं कि वे मीडिया में नेतृत्व से जुड़े मुद्दों पर अनावश्यक बयानबाजी न करें। इससे पार्टी और सरकार दोनों की छवि प्रभावित हो रही है।*

एआई चैटजीपीटी लेकर आया अनोखा ग्रुप चैट फीचर

# एक ही चैट में एक साथ रियल-टाइम में होगा काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एआई टूल्स का इस्तेमाल अब सिर्फ़ व्यक्तिगत काम तक सीमित नहीं है। ओपनएआई ने चैटजीपीटी के लिए एक नया और गेम-चेंजिंग फीचर लॉन्च किया है। ये है ग्रुप चैट, लेकिन ये ग्रुप चैट वाट्सएप ग्रुप या दूसरे ऐप के ग्रुप चैट से अलग होगा। यह फीचर टीम कोलैबोरेशन का पूरा तरीका बदल सकता है, क्योंकि अब कई लोग एक साथ एक ही चैट में एआई की मदद से रियल-टाइम में काम कर पाएंगे। अब तक चैटजीपीटी का एक्सपीरियंस ज्यादातर वन ऑन वन इंटरैक्शन तक सीमित था। लेकिन अब कहानी पूरी बदल गई है। इस नए फीचर के साथ आप एक ऐसा शेयर्ड चैट रूम बना सकते हैं जहां कॉलीग, दोस्त या टीम-मेम्बर्स मिलकर ब्रेनस्टॉर्मिंग कर सकते हैं, स्क्रिप्ट लिख सकते हैं, फैक्ट-चेक कर सकते हैं या फिर किसी बड़े प्रोजेक्ट पर एक साथ काम कर सकते हैं।

### इस फीचर से बदल जाएगा टीम कोलैबोरेशन का तरीका

### न्यूज, एजुकेशन और कॉर्पोरेट टीमों के लिए बनेगा मददगार




### यह है सबसे बड़ी खूबी

ग्रुप चैट फीचर की सबसे बड़ी खूबी है कोलैबोरेटिव इंटेलिजेंस। मतलब टीम के कई लोग एक ही थ्रेड में अपने-अपने सवाल पूछ सकते हैं, सुझाव जोड़ सकते हैं और चैट जीपीटी उनसे एक साथ इंटरैक्ट करता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे आप मीटिंग रूम में बैठे हों, लेकिन फर्क यह कि एआई हर वक्त आपके साथ मौजूद है। रिसर्चर की तरह, एडिटर की तरह, और कभी-कभी प्रोड्यूसर की तरह भी, यानी मल्टिपल टास्क हो सकते हैं।

### यह फीचर इनके लिए फायदेमंद

**मीडिया**

कंटेंट बनाने वाली टीमों के लिए यह फीचर खासतौर पर फायदेमंद है। मान लीजिए कोई न्यूज़ स्टोरी डेवलप हो रही है। एक रिपोर्टर बैकग्राउंड मांगेगा, दूसरा डेटा चेक करेगा, तीसरा हेडलाइन के आइडिया पूछेगा। इसी दौरान एआई सबके सवालों को समझकर रियल-टाइम इनपुट देगा। इससे न सिर्फ समय बचेगा बल्कि आउटपुट की क्वालिटी भी बेहतर होगी।

**स्टार्टअप**


स्टार्टअप्स या छोटी टीमों के लिए ग्रुप चैट एक तरह से वर्चुअल वर्कस्पेस बन जाएगा। यहां आप प्लानिंग डॉक्यूमेंट जैसे चैट तैयार कर सकते हैं, कोड रिव्यू कर सकते हैं, मार्केटिंग कैंपेन प्लान कर सकते हैं, यहां तक कि अपनी मीटिंग नोट्स और टू-डू लिस्ट भी कलेक्टिव रख सकते हैं। चैटजीपीटी अब सिर्फ एक जवाब देने वाला बॉट नहीं, बल्कि टीम का एक के ऐक्टिव मेंबर की तरह काम करेगा।

ट्रंप का आया 28 पाइंट का प्रस्ताव

# 'जंग रोकने यूक्रेन कुछ हिस्सा रूस को सौंप दे'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की योजना लाए हैं। इसके तहत यूरोपीय देश का कुछ हिस्सा रूस को सौंपने और उसकी सेना का आकार कम करने का प्रस्ताव शामिल किया गया है। यह जानकारी शांति के लिए तैयार ड्राफ्ट में दी गई है। अमेरिका और रूस के बीच हुई बातचीत के आधार पर 28 पाइंट का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इस ड्राफ्ट की एक कॉपी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बृहस्पतिवार को प्राप्त हुई। यह



ड्राफ्ट साफ तौर पर रूस के पक्ष में दिखाई देता है। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि अमेरिकी टीम ने अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के शीर्ष सलाहकार रुस्तम उमरोव से बातचीत के तुरंत बाद यह योजना तैयार करना शुरू कर दिया था। अधिकारी ने बताया कि कई संशोधन करने के बाद उमरोव ने योजना के अधिकतर बिंदुओं पर सहमति जताई और फिर इसे जेलेंस्की के समक्ष प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप

### इंडिगो विमान अधिग्रहण के लिए करेगी निवेश



**मुंबई।** घरेलू विमान कंपनी इंडिगो ने विमान अधिग्रहण के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंटरग्लोब एविएशन फाइनेंशियल सर्विसेज आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड में 82 करोड़ डॉलर (करीब 7,270 करोड़ रुपये) के निवेश को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। 21 नवंबर तक इंडिगो के बेड़े में 411 विमान हैं।

### ट्रंप की ब्राजील से आने वाले कॉफी, फलों पर शुल्क ढील



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने देशवासियों के लिए उपभोक्ता लागत कम करने के प्रयास के तहत ब्राजील के उत्पादों पर लगाए गए शुल्क में और ढील दी है। इस फैसले का असर कॉफी, फलों और 'बीफ' (गोवंश के पशुओं का मांस) सहित कई अन्य वस्तुओं पर पड़ेगा। ट्रंप अप्रैल में घोषित कुछ शुल्क को वापस ले रहे हैं।

### एथर एनर्जी ने श्रीलंका में किया विस्तार

ATHER

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी एथर एनर्जी ने श्रीलंका में अपने उत्पादों के विस्तार की शुक्रवार को घोषणा की। श्रीलंका एक बढ़ता हुआ अंतरराष्ट्रीय बाजार बन गया है। इसने दिसंबर 2024 में द्वीप राष्ट्र में प्रवेश किया था। साझेदारी में 'कोलंबो मोटर शो 2025' में श्रीलंका में अपना स्कूटर 'रिज्टा' पेश किया।

### खाद्यान्न उत्पादन में आठ फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** देश में खाद्यान्न उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में आठ प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 35.77 करोड़ टन हो गया। जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। फसल वर्ष 2023-24 में खाद्यान्न उत्पादन 33.23 करोड़ टन रहा था। रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन किसानों के प्रयासों और एमएसपी और खरीद सहित सरकारी नीतियों का नतीजा है। अंतिम अनुमान के अनुसार, 2024-25 में गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11.79 करोड़ टन रहा।

# संकट में जापान, 'शून्य' वाला रूल खत्म, 30 साल से यही था देश की ताकत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जापान ने 30 साल का बड़ा ट्रेंड तोड़ दिया है। इससे दुनिया भर के बाजार हिल गए हैं। देश की उधारी दर बढ़कर 2.8 प्रतिशत हो गई है। यह कभी बहुत फायदेमंद रहे 'येन कैरी ट्रेड' के लिए मुसीबत खड़ी कर रही है। इन्वेस्टमेंट बैंकर ने लिंक्डइन पर यह चेतावनी दी है। दशकों से जापान की बहुत कम ब्याज दरें दुनिया भर के निवेशकों के लिए पैसे उधार लेने का सबसे सस्ता जरिया थीं।

ये लगभग 0 प्रतिशत थीं। बड़े संस्थान कम ब्याज पर येन उधार लेते थे। उसे अमेरिका और भारत जैसे ज्यादा मुनाफा देने वाले बाजारों में लगाते थे। वहां बांड और शेयर बाजार में 4 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक का रिटर्न मिलता था। करेंसी और लेनदेन के खर्चों को हटाने के बाद भी यह अंतर मोटा मुनाफा देता था।

## देश की उधारी दर बढ़कर 2.8 प्रतिशत पर पहुंची, येन कैरी ट्रेड के लिए मुसीबत खड़ी कर रहा

### क्या हैं भारत के लिए मायने?

जापान की ओर से ब्याज दरें बढ़ाने और जीरो ब्याज दर पॉलिसी की नीति को समाप्त करने का भारत के लिए मुख्य मायने यह है कि सस्ती पूंजी की उपलब्धता में कमी आ सकती है। इससे जापानी निवेश के प्रवाह पर कुछ हद तक नकारात्मक असर पड़ सकता है। पिछले 30 वर्षों से जापान की लगभग शून्य ब्याज दर नीति के कारण निवेशक वहां से सस्ती दरों पर येन में उधार लेते थे (जिसे 'येन कैरी ट्रेड' कहते हैं) और उसे भारत जैसे ऊंचे रिटर्न वाले बाजारों में लगाते थे। अब जब जापान में ब्याज दरें बढ़ गई हैं (वैसे यह अभी भी अन्य देशों की तुलना में काफी कम है) तो वहां के निवेशकों के लिए अपने देश में ही निवेश करना अधिक आकर्षक हो सकता है या वे अपना पैसा वापस जापान ले जा सकते हैं।



### जापान की उधारी दर 30 सालों में सबसे अधिक

इस ग्लोबल 'येन कैरी ट्रेड' का खेल अब खत्म हो रहा है। 19 नवंबर को जापान की उधारी दर 30 सालों में सबसे ज्यादा 2.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। अगर यह दर 3 प्रतिशत को पार कर गई तो जापान का कर्ज संभालना मुश्किल हो जाएगा। यह पहले से ही उसकी जीडीपी का 2.5 गुना है। 'यह बहुत बड़ी तबाही है क्योंकि कैरी ट्रेड से होने वाला मुनाफा अब खत्म हो रहा है।' इस वजह से घबराहट फैल गई है। निवेशक

### जापान में आखिर क्यों हो रहा ऐसा?

सवाल उठता है कि आखिर जापान ऐसा अचानक क्यों कर रहा है? इसकी वजह है महंगाई। 25 सालों में पहली बार जापान की महंगाई दर 2.5 प्रतिशत को पार कर गई है। जबकि लोगों की असली कमाई (रियल वेज) बढ़ी नहीं है। अब बैंक ऑफ जापान को मांग को कम करने और कीमतों को काबू में लाने के लिए ब्याज दरें बढ़ानी पड़ रही हैं। यह कोई पहली बार नहीं है कि जापान ने दरें बढ़ाई हैं। अगस्त 2024 में जब दरें थोड़ी सी बढ़ाकर 0.25 प्रतिशत की गई थीं, तब भी भारी अफरातफरी मच गई थी। उस दिन निक्केई (जापान का शेयर बाजार सूचकांक) 12 प्रतिशत गिर गया था। हालांकि, बाद में संभल गया था।

## पिछले तीन माह में रुपए में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट

# रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा, 93 पैसे टूटकर 89.61 प्रति डॉलर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये में शुक्रवार को 93 पैसे की बड़ी गिरावट आई और यह 89 के स्तर को पार कर अबतक के सबसे निचले स्तर 89.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले तीन महीने में रुपये में एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है।

व्यापार-संबंधी अनिश्चितताओं के बीच घरेलू और वैश्विक बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ रुपये की विनिमय दर में बड़ी गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, जोखिम से बचने की धारणा के बीच वैश्विक आईटी शेयरों में भारी बिकवाली और प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर स्पष्टता के अभाव के कारण रुपया लुढ़का है।

### विनिमय बाजार में रुपया 88.67 पर खुला

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.67 पर खुला और कारोबार के दौरान अबतक के सबसे निचले स्तर 89.65 पर पहुंच गया। रुपया आखिरकार कारोबार के अंत में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 89.61 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 93 पैसे की गिरावट है। बृहस्पतिवार को रुपया 20 पैसे फिसलकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.68 पर बंद हुआ था।

- भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में अस्पष्टता के कारण लुढ़का
- वैश्विक बाजारों से भी मिले नकारात्मक संकेतों से आया नीचे
- इससे पहले इतनी तेज गिरावट 30 जुलाई को दर्ज की थी



### पिछला अब तक का सबसे निचला स्तर 30 सितंबर को रहा

रुपया ने कारोबार के दौरान अपना पिछला अब तक का सबसे निचला स्तर 30 सितंबर को 88.85 पर दर्ज किया था। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछला सबसे निचला बंद स्तर 14 अक्टूबर को 88.81 पर रहा था। इससे पहले भारतीय मुद्रा में इतनी तेज गिरावट 30 जुलाई को दर्ज की थी। उस समय यह कारोबार के दौरान 89 पैसे लुढ़क गया था।

### *ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से डॉलर मजबूत*

*कलंत्री ने कहा कि अमेरिका में उम्मीद से बेहतर गैर-कृषि पेरोल आंकड़ों के साथ ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने तथा मजबूत डॉलर सूचकांक के साथ रुपये पर और दबाव पड़ा। कलंत्री ने कहा, ''इस गिरावट के साथ रुपया एशिया की प्रमुख मुद्राओं में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वालों में शामिल हो गया है...। हमारा अनुमान है कि रुपये की विनिमय दर आगे कमजोर होकर 90.40 और 91 के स्तर तक जा सकती है।''*

***व्यापार अनिश्चितताओं के कारण गिरावट :*** *केंद्रीय बैंक रुपये के किसी विशेष स्तर को लक्ष्य नहीं बनाता है। अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने के बाद उत्पन्न व्यापार अनिश्चितताओं के कारण घरेलू मुद्रा में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले हाल में गिरावट आई है।*

### डॉलर की मांग बढ़ने से रुपए में गिरावट

मल्होत्रा ने राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, ।''हम किसी विशेष स्तर को लक्ष्य नहीं बनाते। रुपये का मूल्य क्यों घट रहा है? इसका कारण मांग है। यह बाजार तय करते हैं रुपया एक वित्तीय साधन है और डॉलर की मांग होती है। अगर डॉलर की मांग बढ़ती है तो रुपया कमजोर होता है और अगर रुपये की मांग बढ़ती है तो डॉलर गिरता है और रुपया मजबूत होता है।

### रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, '' कमजोर वैश्विक जोखिम धारणा और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते शुक्रवार को रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गया।

# चीन से आयातित पॉलिएस्टर धागे की डंपिंग के खिलाफ जांच शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- रिलायंस सहित दो कंपनियों पर डंपिंग करने का आरोप
- घरेलू कंपनियों की शिकायत के बाद जांच शुरू

भारत ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सहित दो घरेलू कंपनियों की शिकायतों के बाद देश में चीन की कंपनियों के 'पॉलिएस्टर टेक्सचर्ड' धागे की कथित डंपिंग करने के खिलाफ जांच शुरू की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने कहा कि रिलायंस और वेलनोउन पॉलिएस्टर ने अपने आवेदनों में दावा किया है कि चीन से इन धागों के सस्ते आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान हुआ है और इसलिए उन्होंने सरकार से डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है।

डीजीटीआर ने कहा कि आवेदकों द्वारा प्रस्तुत विधिवत प्रमाणित लिखित आवेदनों के आधार पर तथा उत्पादों की डंपिंग के संबंध में आवेदकों द्वारा प्रस्तुत प्रथम दृष्टया साक्ष्यों से संतुष्ट होने के बाद ''प्राधिकरण डंपिंग रोधी'' जांच शुरू करता है। यदि यह साबित हो जाता है कि इन डंपिंग ने घरेलू उत्पादकों को वास्तविक नुकसान पहुंचाया है तो डीजीटीआर इन आयातों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। इन शुल्कों को लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। देश डंपिंग रोधी जांच यह निर्धारित करने के लिए करते हैं कि क्या सस्ते आयात में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योगों को नुकसान हुआ है। एक प्रतिकार उपाय के रूप में वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत ये शुल्क लगाते हैं।

## टोयोटा ने 11.5 हजार अर्बन क्रूजर हाइडर वापस मंगाई...



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर अपने मध्यम आकार की एसयूवी अर्बन क्रूजर हाइडर की 11,529 इकाइयों को डैशबोर्ड के एक हिस्से की जांच और बदलने के लिए वापस मंगा रही है। इन इकाइयों को वापस मंगाने का मकसद नौ दिसंबर 2024 से 29 अप्रैल 2025 के बीच बनी 11,529 वाहनों में यदि 'कॉम्बिनेशन मीटर' में खराबी पाई जाती है, तो उसकी जांच करना और बदलना है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि अपने 'सबसे पहले ग्राहक' दृष्टिकोण और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्धता के तहत कंपनी ग्राहकों की चिंताओं को तुरंत दूर करती रहेगी। कंपनी ने कहा कि टोयोटा डीलर प्रतिनिधि प्रभावित ग्राहकों से संपर्क करेंगे।

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 5,54 अरब डॉलर की वृद्धि

- भंडार समाप्त सप्ताह में बढ़कर 692 .57 अरब डॉलर पर
- स्वर्ण भंडार में भी भारी तेजी आने से मुद्रा भंडार बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 5.54 अरब डॉलर बढ़कर 692.58 अरब डॉलर हो गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी तेजी आने के कारण मुद्रा भंडार बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कुछ सप्ताह से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख देखा जा रहा था। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.69 अरब डॉलर घटकर 687.03 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 15.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 562.29 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि



सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 5.33 अरब डॉलर उछलकर 106.86 अरब डॉलर हो गया। आईएमएफ में भी भारत का भंडार बढ़ा-विशेष आहरण अधिकार भी 5.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.65 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत का आरक्षित भंडार 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.78 अरब डॉलर हो गया।




# सेबी की बाजार सूचकांक में रीट शामिल करने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सेबी चेयरमैन ने कहा, सेबी संबंधित पक्षों से करेगा बातचीत
- इस कदम से निवेश साधनों के लिए नकदी बढ़ने की उम्मीद

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) बाजार सूचकांक में रीट (रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट) को शामिल करने के लिए उद्योग के साथ बातचीत करेगा। इस कदम से इन निवेश साधनों के लिए नकदी काफी बढ़ने की उम्मीद है। पांडेय ने रीट और इनविट पर आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा, ''सेबी सूचकांक में रीट को शामिल करने में मदद के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ काम करेगा।'' रीट ऐसी कंपनियां हैं, जिनके पास रियल एस्टेट का स्वामित्व है और जो उनका संचालन करती हैं। ये कंपनियां निवेशकों को महंगी रियल एस्टेट संपत्ति खरीदने और लाभांश आय कमाने का मौका देती हैं। पांडेय ने कहा कि एक बार शामिल होने के बाद इन निवेश साधनों की नकदी में सुधार होगा। सेबी प्रमुख ने इस बात पर भी जोर दिया कि नियामक रीट और इनविट (बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट) के लिए कारोबार सुगम बनाने के उपाय कर रहा है। इन प्रयासों के तहत, सेबी उन 'लिक्विड' म्यूचुअल फंड योजनाओं के दायरे को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है जिनमें निवेशकों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए रीट और इनविट निवेश कर सकते हैं।

***इनविट की नई परियोजनाओं में निवेश की मिलेगी अनुमति***

*पांडेय ने कहा कि नियामक इस बात पर विचार कर रहा है कि क्या पर्याप्त सुरक्षा उपायों की मौजूदगी के साथ निजी इनविट को नई परियोजनाओं में निवेश करने की अनुमति दी जा सकती है। साथ ही, सेबी इन उपकरणों में संस्थागत निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए उनके साथ सक्रियता से जुड़ रहा है।*

***सेबी वित्त मंत्रालय से मिलकर काम कर रहा :*** *चेयरमैन ने कहा कि इस प्रयास को समर्थन देने के लिए, सेबी सार्वजनिक संपत्ति मुद्रीकरण में तेजी लाने के लिए वित्त मंत्रालय और कई राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहा है।*



# पुलिस की कार्रवाई केवल दिखावे के लिए नहीं बल्कि अपराधियों के लिए सबक साबित हो ताकि आम नागरिक सुरक्षित महसूस करें

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रदेश भर की सड़कों और हाइवे पर स्टंट बाजी के साथ ही केक कटिंग मामले को मानिटरिंग के लिए रखा



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रदेश भर की सड़कों और हाइवे पर स्टंट बाजी के साथ ही केक कटिंग मामले को मानिटरिंग के लिए रखा है। साथ ही राज्य शासन से कहा गया है कि वह नियमों और प्रावधानों को कड़ाई से लागू करे। शासन की ओर शपथ पत्र पेश करते हुए मुख्य सचिव की ओर से से कहा गया कि 25 अक्टूबर को मंत्रालय में आईजी प्रेस कांफ्रेस रखी गई थी। इसमें प्रदेश भर के कलेक्टर और एसपी रैंक के अधिकारी शामिल हुए थे। इसमें सभी जिलों को कड़ाई बरतने कहा गया है। पीएचक्यू से भी इसके लिए आदेश जारी किए गए हैं। कोर्ट ने इसके बाद कहा कि जिन गाड़ियों को जब्त किया गया था उन्हें बांड भरवाते हुए और शर्तों के साथ छोड़ा जा सकता है। एक साल में इस तरह की कोई और घटना होने पर जब्ती के साथ ही पेनाल्टी लगानी होगी।

गौरतलब है कि प्रदेश भर में इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहें हैं। कोर्ट ने इस पर संज्ञान लेकर शासन से जवाब मांगा था। हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद शासन की ओर से जवाब पेश करते हुए कहा गया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अभियान चलाया और स्टंट में शामिल गाड़ियों को जब्त किया गया है। इसके साथ ही कार मालिकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की सिफ़ारिश भी की गई। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा के नजरिए से की गई ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। गाड़ियों के मालिकों की पहचान करने के साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने चेतावनी दी कि सार्वजनिक सड़कों पर स्टंटबाजी करने वाले युवाओं को कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि यह दूसरों के लिए सबक बने।

इससे पहले की सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि पुलिस का प्रकोप अक्सर केवल गरीब, मध्यम वर्ग और दलितों पर पड़ता है। जबकि संपन्न और बाहुबल वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस नख-दंतहीन बाघ बन जाते हैं। ऐसे लोग मामूली जुर्माना भरकर आसानी से छोड़ दिए जाते हैं और उनके वाहन भी वापस कर दिए जाते हैं। कोर्ट ने इसके बाद बिलासपुर क्षेत्र के लावर में पुलिस द्वारा जब्त की गई 18 कारों को हाईकोर्ट की अनुमति के बिना नहीं छोड़ने कहा था। अब शासन की ओर से जवाब पेश करने के बाद इन गाड़ियों को बांड भरने के बाद छोड़ने के आदेश दिए गए हैं।

### शासन ने कहा- लोगों में सिविक सेंस जरूरी

शासन की ओर से चीफ सेक्रेटरी ने जवाब पेश करते हुए कहा गया कि इस बारे में लोगों को भी जागरूक होना होगा। सिविक सेंस जरूरी है। शासन अपने स्तर पर कड़ाई के साथ ही नियमों का पालन करा रहा है। इसके साथ ही लोगों में जागरुकता अभियान हर थाने स्तर पर चलाए जा रहे हैं। कलेक्टर और एसपी की ओर से इसके लिए अलग से पत्र जारी किए जा रहे हैं। कोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि पुलिस की कार्रवाई केवल दिखावे के लिए नहीं होनी चाहिए बल्कि ऐसी होनी चाहिए जो अपराधियों के लिए सबक साबित हो। गैर जिम्मेदार और खतरे में डालने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्ती जरूरी है ताकि आम नागरिक सुरक्षित महसूस करें।

# बार काउंसिल के 25 सदस्यों को मिली जीत, बिलासपुर के 7 एडवोकेट शामिल

## सभी अधिवक्ताओं ने शुक्रवार की दोपहर जिला कोर्ट के सामने जश्न भी बनाया





**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ अधिवक्ता परिषद के चुनाव में 25 सदस्यों को जीत मिली है। इसमें बिलासपुर से 7 सदस्य शामिल हैं। इसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेन्द्र दुबे, रूपेश त्रिवेदी, प्रभाकर सिंह चंदेल, चन्द्र प्रकाश जांगड़े, आलोक कुमार गुप्ता, अनिल सिंह चौहान, रवि सिंह राजपूत और अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र शेखर बाजपेयी शामिल हैं। सभी अधिवक्ताओं ने शुक्रवार की दोपहर जिला कोर्ट के सामने जश्न भी बनाया।

ध्यान रहे कि इस बारे के चुनाव में 25 पदों के लिए 105 उम्मीदवार मैदान में थे। जिनके बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। गौरतलब है कि कि चुनाव के लिए मतदान 30 सितंबर को हुआ था, जिसके बाद 13 अक्टूबर से हाईकोर्ट परिसर में मतगणना शुरू हुई है। पूरे प्रदेश के बैलेट पेपर यही मंगाकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काउंटिंग हो रही है। ध्यान रहे कि इस बार रिकॉर्ड संख्या में अधिवक्ताओं ने मतदान किया था, जिससे गिनती में अधिक समय लगा। चुनाव अधिकारी के मुताबिक 25 राउंड में काउंटिंग पूरी की गई।

### चुने हुए सदस्य

कमल किशोर पटेल, शत्रुहन सिंह साहू, बृजेश नाथ पांडे, शैलेंद्र दुबे, रवींद्र कुमार पाराशर, फैसल रिजवी, विवेकानंद भोई, नरेंद्र कुमार सोनी, संतोष कुमार वर्मा, गणेश राम गुजराल, चंद्र प्रकाश जांगड़े, अशोक कुमार तिवारी, प्रशांत तिवारी, प्रभाकर सिंह चंदेल, प्रवीण गुप्ता, उत्तम कुमार चंदेल, विराट वर्मा, अनिल कुमार गोयल, भास्कर प्रसाद साहू, जनार्दन कुमार त्रिपाठी, अनिल सिंह चौहान, रूपेश कुमार त्रिवेदी, आलोक कुमार गुप्ता, रवि सिंह राजपूत, बादशाह प्रसाद सिंह।

# 52 फार्मेसी कॉलेजों में 60 सीटों पर ही होगी काउंसलिंग
# विवेकानंद तकनीकी विवि की याचिका खारिज

बिलासपुर। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय की याचिका को डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को सही ठहराया है।

■ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने कालेजों की सीट 50 फीसदी घटाकर 30 कर दी थी

इसके साथ ही हाईकोर्ट ने सभी कॉलेजों की सीटों को पुनः फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा दी गई सीट संख्या के आधार पर काउंसलिंग कराने का निर्देश दिया। दरअसल स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने 52 कॉलेजों की संबद्धता आदेश को जारी करते हुए सीट संख्या को आधा कर दिया था। इसके खिलाफ कॉलेजों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इस आदेश को नियम विरुद्ध बताया था। मामले की सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने तकनीकी विश्वविद्यालय के आदेश को रद्द करते हुए तय मापदंड के अनुसार 60 सीटों पर प्रवेश की अनुमति दी थी। अब यूनिवर्सिटी ने इस आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती दी थी। डिवीजन बेंच ने यूनिवर्सिटी की याचिका को खारिज कर दिया है।

गौरतलब है कि स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने प्रदेश के ऐसे 52 फार्मेसी कॉलेज जिनमें न प्राचार्य हैं, ना फैकल्टी और ना ही प्रयोगशाला है, उनका सीट इनटेक 50 फीसद घटा दिया था। यानी जिस फार्मेसी कॉलेज में पहले 100 सीटें थीं, उनकी 50 सीटें घटा दी गई। यह सीट इनटेक सभी विषयों के लिए घटाई गईं जिसमें बी.फार्मेसी, डी. फार्मेसी और एम.फार्मेसी शामिल हैं। सीएसवीटीयू के दायरे में सिर्फ 38 कॉलेज ऐसे हैं, जहां मापदंडों को 70 से 75 फीसद तक पूरा किया गया है। इनको ए केटेगरी में रखते हुए संबद्धता दी गई। इसके खिलाफ कालेजों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। मामले की सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने विश्वविद्यालय के निर्णय को रद्द करते हुए कालेजों के पक्ष में फैसला दिया और कहा कि 6 महीने के भीतर सभी कालेज कमियों को दूर कर लेंगे और अनिवार्य शर्तों का पालन करेंगे।

### कालेजों को शर्तों को पूरा करना होगा

गल बेंच के फैसले के खिलाफ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने डीबी में अपील की। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों पर विचार करने और अभिलेखों का अवलोकन करने के पश्चात कोर्ट ने फैसला दिया। इसमें कहा गया कि कालेजों ने छह माह के भीतर प्राचार्य और अपेक्षित संकाय की नियुक्ति को नियमित करने का वचन देते हुए एक हलफनामा दायर किया है। इसलिए सिंगल बेंच का फैसला कि डी. फार्मेसी पाठ्यक्रम के लिए 60 छात्रों का स्वीकृत प्रवेश बरकरार रहेगा, जबकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर याचिकाकर्ता अनिवार्य शर्तों का पालन करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि कालेज शर्तों को पूरा नहीं करते हैं तो आदेश प्रभावी नहीं रहेगा।

## कलेक्टर ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

रायपुर। कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में सीएसपीडीसीएल के सभी जोनों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत प्रकरणों, लंबित मामलों, रिजेक्शन तथा घरों में सोलर पैनल इंस्टालेशन की वर्तमान स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से योजना का लाभ मिले, इसके लिए सभी बैंक शीघ्रता से प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत करें तथा किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

**छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड**
**(छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग)**

गोविन्द सारंग व्यवसायिक परिसर, द्वितीय तल, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
Phone/Fax: 0771-2252334 Email:-cghandicrafts@ gmail.com
Website:-www.cghandicraft.cgstate.gov.in

क्र./1110/ह.शि.वि.बो./ विकास/2025-26 रायपुर, दिनांक: 20/11/2025

**टूल्स किट क्रय किये जाने बाबत निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा, विकास आयुक्त कार्यालय हस्तशिल्प, भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय, नई दिल्ली की परियोजना CHCDS अन्तर्गत टूल्स किट क्रय किया जाना है। टूल्स किट क्रय किये जाने हेतु इच्छुक निर्माता/अधिकृत विक्रेता से मुहर बंद निविदा दिनांक 22/12/2025 अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय छ.ग.हस्तशिल्प विकास बोर्ड, गोविंद सारंग व्यावसायिक परिसर, द्वितीय तल, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 22/12/2025 को अपरान्ह 03.00 बजे निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं शर्तों का अवलोकन http://cgstate.gov.in पर किया जा सकता है।

प्रबंध संचालक
छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड
रायपुर (छ.ग.)

सं- 44598

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला कोरबा छ.ग.**

क्रमांक/डी.एम.एफ./2025/11696 कोरबा दिनांक: 18-11-2025

**सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा छ.ग. के पत्र क्रमांक/डी.एम.एफ./2025/10532, कोरबा, दिनांक 08.10.2025 के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत 102 महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस हेतु Emergency Medical Technician (EMT) के 14 पदों (अनारक्षित 06, अ.जा. 01, अ.पि.व. 2, अ.ज.जा. 6) पर भर्ती हेतु विज्ञापित पद पर प्राप्त आवेदन के आधार पर पात्र/अपात्र की सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट www.korba.gov.in में सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड़ कर दिया गया है। सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीद्वारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 28.11.2025 समय 5:00 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। निर्धारित समय पर प्राप्त दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण कर पृथक से दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जावेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कोरबा छ.ग.

G 252604942/2

# मेडिकल पीजी में डोमिसाइल आधारित आरक्षण असंवैधानिक

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**हरिभूमि न्यूज : बिलासपुर**

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने मेडिकल पीजी में डोमि - साइल आधारित आरक्षण को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है। याचिका पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है कि उच्चतर और विशिष्ट मेडिकल कोर्स में प्रवेश योग्यता के आधार पर होना चाहिए। अधिवास डोमिसाइल पर आधारित आरक्षण से पेशेवर उत्कृष्टता से समझौता होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने नियम 11(ए) और 11(बी) को भी रद्द कर दिया है। कोर्ट ने राज्य को निर्देश दिया गया है कि इन प्रावधानों के आधार पर किसी भी उम्मीदवार के साथ भेदभाव न किया जाए। डॉ. समृद्धि दुबे की ओर से हाईकोर्ट के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट में कैवियट भी दायर कर दी गई है। ध्यान रहे कि याचिकाकर्ता डॉ. समृद्धि दुबे ने सीनियर एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव,अधिवक्ता संदीप दुबे, मानस वाजपेयी और कैफ अली रिजवी के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। दायर याचिका में छत्तीसगढ़ मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश नियम, 2025 के नियम 11(बी) को भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करने के कारण असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने राज्य सरकार से उम्मीदवारों के बीच भेदभाव नहीं करने की भी मांग की थी। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार मेडिकल पीजी में डोमिसाइल आधारित भेदभाव कर रही है। याचिकाकर्ता ने नीट पीजी 2025 में ऑल इंडिया रैंक 75068 प्राप्त की है और नियमों के कारण उन्हें नुकसान हो रहा है।

### प्रवेश केवल मेरिट के आधार पर ही होंगे

दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। इसमें डिवीजन बेंच ने लिखा है कि मेडिकल में डोमिसाइल आधारित आरक्षण अस्वीकार्य है। यह अनुच्छेद 14 का स्पष्ट उल्लंघन है। योग्यता आधारित चयन ही पेशेवर उत्कृष्टता को बनाए रखता है। कोर्ट ने कहा है कि राज्य कोटे की सीटें अखिल भारतीय मेरिट के आधार पर भरी जानी चाहिए। संस्थान आधारित 50% वरीयता दी जा सकती है, लेकिन डोमिसाइल आधारित नहीं। हाईकोर्ट ने अंत में याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि मेडिकल पीजी प्रवेश में अब डोमिसाइल आधारित कोई आरक्षण लागू नहीं होगा। प्रवेश केवल मैरिट के आधार पर ही होंगे।

### यह है मामला

दरअसल पुराने नियम (2021) और नए नियम (2025) दोनों में ही यह प्रावधान था कि पहले प्रवेश छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस करने वालों को मिलेगा। राज्य के बाहर से एमबीबीएस करने वाले छत्तीसगढ़ मूल निवासी छात्रों को बाद में मौका मिलता था। याचिकाकर्ता के अनुसार यह विद्यापीठ आधारित 100% आरक्षण जैसा था और सीधी-सीधी समानता के अधिकार का उल्लंघन। मामले में राज्य सरकार की ओर से उप-महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही पीजी में डोमिसाइल-आधारित आरक्षण को खारिज कर चुका है। नए नियम 2025 में डोमिसाइल आधारित आरक्षण हटा दिया गया है।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-अम्बिकापुर**

**प्रथम निविदा आमंत्रण**


विज्ञापन क्र:-148

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, वृत्त अम्बिकापुर अंतर्गत अटल विहार योजना जगदीशपुर अम्बिकापुर अंतर्गत 64 ई.डब्ल्यू. एस. भवनों के निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 11.12.2025 तक एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं पर http://eproc.cgstate.gov.in उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग -अम्बिकापुर के मो.नं. 9424209101 पर संपर्क करें।

उपायुक्त

संवाद-45995

## राशिफल



**मेष**
मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि हो सकती है।



**वृष**
बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र से रोजगार कि अवसर मिल सकते हैं। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।



**मिथुन**
आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। मन प्रसन्न रहेगा।



**कर्क**
कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**सिंह**
माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।



**कन्या**
माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।



**तुला**
बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।



**वृश्चिक**
कारोबार से लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।



**धनु**
वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलन बनाकर रखें।



**मकर**
किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों से सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।



**कुंभ**
किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।



**मीन**
कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर (छ.ग.)**
**FAX (O)-07752-224200, PHONE (O)-07752-230030 Email- mscimsbsp@gmail.com**

क्रमांक /9588/ औ.भं./सं.सं.अधि./ सिम्स चिकि./2025 बिलासपुर, दिनांक 17.11.2025

**ई-आमंत्रण सूचना निविदा वर्ष 2025-26**

**दवाईयां आपूर्ति हेतु सिस्टम टेंडर नंबर- 178215**
**कन्ज्यूमेबल एवं सर्जिकल सामाग्री आपूर्ति- 180056**

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर अंतर्गत वर्ष 2025-26 में विभिन्न दवाईयां, कन्ज्यूमेंबल एवं सर्जिकल सामाग्री आपूर्ति हेतु पृथक पृथक ई- निविदा शासकीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन आमंत्रित किया जाता है।
निविदा प्रारंभ तिथी- मेडिसीन (दवाई) - 19.11.2025
वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in ई प्रोक्योरमेंट के माध्यम से कन्ज्यूमेबल/ सर्जिकल- 20.11.2025
निविदा जमा करने की तिथी एवं समय (दवाई आपूति) एवं 18.12.2025 समय 11:59 PM
निविदा जमा करने की तिथी एवं समय (कन्ज्यूमेबल एवं सर्जिकल) 19.12.2025 समय 11:59 PM
ऑफलाईन निविदा जमा करने की तिथी एवं समय (दवाई आपूति) एवं 19.12.2025 समय 3:00 PM
ऑनलाईन निविदा जमा करने की तिथी एवं समय (कन्ज्यूमेबल एवं सर्जिकल) 20.12.2025 समय 3:00 PM
निविदा खोलने की तिथी एवं समय (दवाई, कन्ज्यूमेबल एवं सर्जिकल)- दवाई 19.12.2025 समय 4:00 PM कन्ज्यूमेबल- 20.12.2025 समय 4:00 PM
निविदा का विस्तृत विवरण शासकीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 252604938/2

**छत्तीसगढ़ संवाद**
**(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**वेबसाइट- http://samvad.cg.nic.in/ फोन नं. 0771-2512580/81**

क्रमांक-3412/छगसं./ प्रकाशन/2025 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 21/11/2025

**लेदर स्क्रिबलिंग पैड मुद्रण के दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा लेदर स्क्रिबलिंग पैड मुद्रण के दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु निर्धारित प्रारूप में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित पूर्ण भरे हुए निविदा ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।


निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट http://samvad.cg.nic.in पर किया जा सकता है। प्रारूप एवं नियम शर्तों में संशोधन होने पर संशोधन की सूचना उक्त वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी, पृथक से समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन नहीं की जाएगी। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रूपये 1,180/- (जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रूपये 20,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि | दिनांक 12/12/2025 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 12/12/2025 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 12/12/2025 समय 4:00 बजे सायं से |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद
नवा रायपुर अटल नगर

संवाद-46006

## शब्द पहेली - 6055



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पदार्थ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली- 6054 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6065

✱☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6064 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## साल में दो बार होनी वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सीबीएसई ने बताए नियम

# जिन विषयों की सैद्धांतिक परीक्षा 50% से अधिक अंकों, केवल उन्हीं विषयों में मिलेगा दूसरा मौका

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सीबीएसई ने 2026 में होने वाली दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा को लेकर तथ्य स्पष्ट किए हैं। प्रत्येक छात्र, अभिभावक और शिक्षक को इस संदर्भ में जानकारी भी बोर्ड द्वारा प्रदान की जा रही है। बोर्ड के अनुसार, दूसरी बोर्ड परीक्षा केवल उन्हीं विषयों में होगी जिनमें बाहरी मूल्यांकन का भार 50% से अधिक है। यानी जिन विषयों में प्रैक्टिकल या बाहरी परीक्षण का भाग 50% से कम है, उनकी दूसरी परीक्षा नहीं करवाई जाएगी। प्रैक्टिकल परीक्षा सिर्फ एक बार ही आयोजित की जाएगी। अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 से 4 विषयों में उपस्थित नहीं होता है, तो उसे दूसरी बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सीबीएसई का अनुमान है कि दूसरी बोर्ड परीक्षा में मुख्य विषयों में अधिकतम 40% विद्यार्थी ही शामिल होंगे। इससे शिक्षकों पर कॉपी जांचने का बोझ काफी कम हो जाएगा और परिणाम भी शीघ्र जारी किए जा सकेंगे। सीबीएसई कक्षा 10 की पहली मुख्य परीक्षा के रिजल्ट जारी होने के तुरंत बाद दूसरी परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया लगभग 10 से 15 दिनों के लिए खोली जाएगी।

इस दौरान इच्छुक छात्र आवेदन कर सकेंगे। पहले चरण की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 मार्च 2026 के बीच आयोजित होंगी, जिसके लिए करीब 1.5 करोड़ उत्तर पुस्तिकाएं जांच के लिए आएंगी। जबकि दूसरी परीक्षा के लिए बोर्ड को 20 से 30 लाख कॉपियों से अधिक की उम्मीद नहीं है। पहली बोर्ड परीक्षा सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होगी। किसी भी छात्र को ऐसा विकल्प नहीं दिया जाएगा कि वह केवल दूसरी परीक्षा दे। जो छात्र अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहते हैं, वे विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषा में से किसी भी तीन विषयों में दूसरी परीक्षा देने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन छात्रों की कंपार्टमेंट होगी, उन्हें दूसरी परीक्षा का मौका नहीं दिया जाएगा। हाल ही में बोर्ड ने स्पष्ट किया कि खेल या ओलंपियाड में भाग लेने वाले छात्रों के लिए भी विशेष परीक्षा दूसरी परीक्षा के साथ ही आयोजित की जाएगी।

**अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 से 4 विषयों में उपस्थित नहीं होता है, तो उसे दूसरी बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी**



गौरतलब है कि राष्ट्रीय नीति के अंतर्गत फरवरी 2025 में बोर्ड ने मसौदा जारी किया था कि 2025-26 सत्र से बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएंगी।

### माशिम ने भी की है व्यवस्था

गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कई शिक्षा बोर्ड वर्ष में दो बार परीक्षाओं की व्यवस्था कर रहे हैं। इसके अंतर्गत प्रथम बोर्ड परीक्षा में असफल छात्रों को एक और मौका दिया जाएगा। सीबीएसई के अलावा माध्यमिक शिक्षा मंडल भी यह व्यवस्था की गई है। माशिम अपने छात्रों को यह सुविधा बीते सत्र से ही दे रहा है। इस बार भी छात्रों को यह अवसर दिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के मध्य परीक्षा के तनाव को कम करना है।

# भाजपा की शिकायत, बीएलओ नहीं जा रहे मतदाताओं के घरों तक

**एसआईआर प्रदेश प्रभारी व पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल के नेतृत्व में भाजपा नेता मिले निर्वाचन पदाधिकारी से**

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में चल रहे एसआईआर को लेकर भाजपा ने ही मोर्चा खोल दिया है। भारतीय जनता पार्टी के एसआईआर प्रदेश प्रभारी व पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर शिकायत की है कि बीएलओ ठीक से अपना काम नहीं कर रहे हैं और मतदाताओं के घरों तक जाने के स्थान पर एक ही स्थान पर बैठकर काम कर रहे हैं।

भाजपा के एसआईआर छत्तीसगढ़ प्रभारी श्री नामग्याल ने बताया, बस्तर, सुकमा जैसे वनांचल क्षेत्र में जहां पर टेलिफोनिक सुविधा नहीं है, ऑनलाइन सुविधा नहीं है, वहां पर कैसे मतदाता सूची उपलब्ध करा सकते हैं और पोलिंग बूथ में फॉर्म जमा हो रहा है और कहां-कहां चुनाव आयोग की ओर से बीएलओ से कैसे सहयोग कर कार्य को आगे बढ़ाए, इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री नामग्याल ने कहा, हम सभी मिलकर एसआईआर को लेकर एक सशक्त कार्य करने जा रहे हैं। मुख्य कार्य चुनाव आयोग का है लेकिन भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होने के नाते इस राष्ट्र निर्माण में एसआईआर के लिए हम हर स्तर पर सहयोग कर सकते हैं। इससे पहले राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे गए पत्र में भाजपा नेताओं ने बताया, प्रदेश में तक चल रहे एसआईआर के दृष्टिगत राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट को इलेक्शन रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा अब तक बूथ लेवल एजेंट होने का परिचय पत्र नहीं दिया गया है। इसी तरह अधिकांश स्थानों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा एसआईआर हेतु निर्धारित मापदंडों के अनुरूप प्रक्रिया गंभीरता से नहीं की जा रही है। स्थानीय स्तर पर भाजपा के नियुक्त बूथ लेवल एजेंट द्वारा यह पाया गया है कि 16 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधिकांश स्थानों पर बीएलओ द्वारा मतदाता के आवास में जाकर मतदाता की जांच नहीं की जा रही है और एक ही स्थान से फार्म का वितरण किया जा रहा है।

भाजपा नेताओं ने अपने पत्र में इस विषय पर भी ध्यान आकृष्ट किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के बीएलओ के लिए बनाए नियम के विरुद्ध कार्य होने पर भी इलेक्शन रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा बीएलओ पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाएंगे जो अन्यायपूर्ण होगा। भाजपा नेताओं ने एसआईआर में हो रही अनियमितताओं पर यथोचित कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा, एसआईआर प्रदेश कार्यालय प्रभारी मोहन पवार एवं वैभव वैष्णव ने शामिल थे।

## वनडे मैच की टिकट बिक्री आज शाम 5 बजे से, एक आईडी पर मिलेंगे सिर्फ 4 टिकट

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका का दूसरा वनडे मैच 3 दिसंबर को खेला जाना है, जिसका टिकट आज शाम 5 बजे से मिलनी शुरू हो जाएगा। ऑनलाइन टिकट जिनी.इन(https://ticketgenie.in) पर उपलब्ध होगा। वहीं बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 24 से क्यूआर कोड और आधार कार्ड दिखाकर फिजिकल टिकट ले सकेंगे। स्टूडेंट्स को 24 नवंबर को टिकट इंडोर स्टेडियम जाकर खरीदना होगा। आज से 48 हजार टिकट की बुकिंग शुरू हो जाएगी। ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए संघ ने एक आईडी में अधिकतम 4 टिकट देने की घोषणा की है। बात दें कि वर्ल्ड डिसेब्लिटी-डे के मौके पर प्रदेश के सभी दिव्यांग खिलाड़ियों को फ्री में मैच दिखाने की तैयारी है।

### 2 दिसंबर को दोनों टीमें प्रैक्टिस करेंगी

द. अफ्रीका के भारत दौरे का पहला वनडे 30 नवंबर को रांची में खेला जाएगा। जिसके बाद 1 दिसंबर को खिलाड़ियों के रायपुर आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। वहीं, 2 दिसंबर को दोनों ही टीमें प्रैक्टिस के लिए शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पहुंचेंगी।

### पानी फ्री में मिलेगा

स्टेडियम के रख-रखाव की जिम्मेदारी अब भी पीडब्ल्यूडी और खेल विभाग के जिम्मे है। इसके इतर क्रिकेट संघ ने स्टेडियम का बेसिक मेन्टेनेंस करना शुरू कर दिया है। संघ ने 22 वॉटर फिल्टर लगवाए हैं। ताकि दर्शकों को पीने का पानी खरीदना ना पड़े। इसके अलावा वेंडर्स खाने-पीने के सामानों का रेट चार्ट लगाकर घूमेंगे। ताकि कोई भी चीजें महंगे दामों पर ना बेची जा सकें। दूसरी ओर पूरे स्टेडियम में रेट लिस्ट चस्पा की जाएगी।

# अब ट्रेन का पहला रिजर्वेशन चार्ट बनेगा 8 घंटे पहले

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भारतीय रेलवे ने आरक्षण चार्ट के नियम में एक बार फिर बदलाव किया है। पहला आरक्षण चार्ट ट्रेन रवाना होने के आठ घंटे पहले तैयार हो जाएगा। जोनल रेलवे इसे मैनुअली तैयार नहीं करेंगे, बल्कि वह पूरी तरह ऑटोमेटिक सिस्टम से बनेगा। बोर्ड की इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और यात्रियों को पहले से कन्फर्मेशन की सही जानकारी मिल सकेगी। इसके अलावा अगर निर्धारित समय पर मंडल कार्यालय से चार्ट तैयार नहीं होता है, तो यह कार्य आटोमैटिक तरीके से होगा। इससे यात्रियों को समय पर चार्ट की जानकारी हो सकेगी। दूसरे चार्ट के समय में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे द्वारा ट्रेनों के संचालन के साथ ही आरक्षण चार्ट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ट्रेनें समय पर चलें, इसके लिए जोन और मंडलस्तर पर लगातार फोकस किया जा रहा है। मंडल व जोन में ट्रेनों की समयबद्धता 90 प्रतिशत के आसपास है। हर दिन 200 से ज्यादा ट्रेनें गुजरती हैं। रेलवे बोर्ड के निदेशक (पैसेंजर मार्केटिंग) प्रवीण कुमार ने सभी महाप्रबंधकों को दिशा निर्देश जारी किए हैं।

इसी साल आरक्षण चार्ट के नियम में बदलाव किया गया था। जिसके बाद अब संशोधन हुआ है। नए नियम के तहत दो बार चार्ट बनेगा। पहला चार्ट ट्रेन रवाना होने के आठ घंटे के पहले बनेगा। अगर चार्ट नहीं बनता है तो यह आटोमैटिक तरीके से तैयार होगा। समय पर यात्रियों के लिए जारी होगा। इसके लिए क्रिस साफ्टवेयर में बदलाव भी किए जा रहे हैं। दूसरा चार्ट ट्रेन रवाना होने के 30 मिनट से लेकर 60 मिनट पहले जारी होगा। सर्कुलर के अनुसार 10 जुलाई 2025 से लागू सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलने वाली ट्रेनों का चार्ट पिछले दिन रात 9 बजे और बाकी ट्रेनों का 8 घंटे पहले तैयार होने वाले नियम में बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत ट्रेन छूटने से कम से कम 8 घंटे पहले ही फर्स्ट चार्ट नहीं बनेगा। विशेष परिस्थितियों में जोनल रेलवे अधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन सेकेंड चार्ट का समय पहले जैसा ही रहेगा। रिमोट लोकेशन से चार्ट तैयार करने की गाइडलाइंस भी ऑटोमेटिक होंगी।

### बदला जाएगा साफ्टवेयर

सीआरआईएस को इस बदलाव के लिए साफ्टवेयर में जरूरी बदलाव करना होगा। रेलवे बोर्ड का कहना है कि इससे चार्ट तैयारी में एकरूपता आएगी, गड़बड़ियां कम होंगी और वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को पहले से पता चल जाएगा कि उनका टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं।

## साढ़े तीन महीने की काउंसिलिंग के साथ एमबीबीएस की 2330 सीटों पर प्रवेश पूरा, अंतिम प्रवेश 423 स्कोर वाले को

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

पंजीयन से लेकर स्ट्रे वैकेंसी राउंड-2 की साढ़े तीन महीने की लंबी प्रक्रिया के बाद राज्य के मेडिकल कालेजों की सभी 2330 सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है। अंतिम राउंड में 423 स्कोर वाले छात्र को निजी मेडिकल कालेज की सीट मिली है। इसके पूर्व राउंड में एक अभ्यर्थी को 474 नीट स्कोर के आधार पर शासकीय मेडिकल कालेज दुर्ग में एडमिशन मिला था। इस निजी कालेजों मे बढ़ी सीट और एनआरआई की 60 सीट के प्रबंधन कोटे में हुए बदलाव का लाभ भी स्थानीय अभ्यर्थियों को मिला।

राज्य में दस शासकीय और पांच निजी मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की 2330 सीटें थीं। इसमें से राज्य और प्रबंधन कोटे की सीटों पर प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश के लिए काउंसिलिंग का आयोजन किया गया था। 28 जुलाई को काउंसिलिंग में शामिल होने ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई और अंतिम स्ट्रे राउंड-2 की प्रवेश प्रक्रिया गुरुवार 20 नवंबर को पूरी हुई। स्ट्रे राउंड के बाद राज्य कोटे की एमबीबीएस की 1 सीट बाकी थी, जिसका आवंटन 720 अंक वाले नीट में 423 अंक अर्जित करने वाले छात्र को निजी मेडिकल कालेज की सीट का आवंटन किया गया। इसके पूर्व में हुए राउंड के दौरान शासकीय मेडिकल कालेज दुर्ग में बाकी एकमात्र सीट 474 अंक वाले विद्यार्थी को मिली थी। काउंसिलिंग के दौरान शासकीय मेडिकल कालेजों की सीटों और संख्या में बदलाव नहीं हुआ, मगर निजी कालेजों में बड़ी संख्या में सीट बढ़ी और एक कालेज 100 सीटों के साथ जीरो ईयर के दायरे से बाहर आया था। ऑल इंडिया, राज्य, प्रबंधन तथा अन्य कोटे की सीट पर प्रवेश पूरा हो गया। इस पर प्रवेश नियम में किए गए बदलाव के कारण खाली बची अप्रवासी भारतीय कोटे की 60 सीटों पर भी एडमिशन का लाभ स्थानीय छात्रों को मिला। इस बार राज्य में सात डेंटल कालेजों की 700 सीटों पर एडमिशन का काम पूरा हुआ। एकमात्र शासकीय सहित छह निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के प्रबंधन और स्टेट कोटे की सीटों पर एडमिशन का काम स्ट्रे वैकेंसी राउंड-1 के बाद पूरा हो गया था। बीडीएस में शासकीय कालेज में 332 स्कोर वाले को प्रवेश मिला और निजी कालेज में 178 अंक वाले छात्र को पढ़ाई करने का मौका मिला।

### महीनेभर से पढ़ाई

चिकित्सा और एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में यूजी की पढ़ाई को महीनेभर से ज्यादा का समय हो चुका है। हाल में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को एक्सट्रा क्लास के माध्यम से अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी करनी होगी। इधर यूजी का एडमिशन पूरा होने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है।

### पाखी ने जीता स्वर्ण पदक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पाखी भट्ट ने देहरादून में 28वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में लॉन टेनिस की तीन श्रेणियों में तीन स्वर्ण पदक हासिल किये। पाखी भट्ट ने WII को सिंगल्स में 6-0 6-1, मिक्स डबल्स में महाराष्ट्र को 6-0 6-0 और महिला युगल में डब्ल्यूआईआई को 6-0 6-3 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। इसके पहले 27वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में भी पाखी ने 3 गोल्ड अपने नाम किये थे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**
क्र.सं. (1) ई–निविदा सूचना संख्याः 73-एसटी-टेंडर-2025 दिनांक : 18.11.2025. कार्य : "बिलासपुर मंडल में पुराने OFC हट को नए EI बिल्डिंग OFC हट में स्थानांतरित करके विश्वसनीयता मेंसुधार। निविदा मूल्य : ₹ 3,16,13,182.85/– (रूपये तीन करोड सोलह लाख तेरह हजार एक सौ बयासी और पचासी पैसे मात्र)। अमानत राशि : ₹ 3,08,100/– (रूपये तीन लाख आठ हजार एक सौ रूपये मात्र), निविदा का जमा होनाः 12.12.2025 के 15:00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी http://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (सीआईसी)
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर
CPR/10/473
South East Central Railway @secrail

**BILASPUR SMART CITY LIMITED**
3rd FLOOR, ICCC BUILDING, TARBAHAR
e-mail - tenders.bscl@gmail.com
**दुकानों के विक्रय हेतु निविदा**
No. 628/BSCL/2024-25 Bilaspur Dated 21/11/2025
BSCL invites proposal for following sale of shops on lease basis:

| NIT No. | Name of work | Probable Amount of Contract (in Lakhs) | Bid Due Date |
|---|---|---|---|
| 249 | मल्टी लेवल कार पार्किंग सिटी कोतवाली परिसर में कार एवं बाईक स्टैण्ड को ठेके से दिये जाने हेतु। | 6.00 प्रति वर्ष | 16/12/2025 IST 02:00 PM |

इच्छुक व्यक्ति निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र नगर पालिक निगम के औपचारिक वेबसाईट https://www.bilaspurnagarnigam.com से डाउनलोड करें।
MANAGER
BILASPUR SMART CITY LIMITED
Green City, Clean City, Smart City.

### अवैध धान खरीदी एवं बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई

रायपुर। कलेक्टर गौरव सिंह ने धान उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अवैध धान की खरीदी और बेचने की शिकायत मिलते ही उसकी जांच कर कड़ी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने यह निर्देश शुक्रवार को धान खरीदी की प्रगति और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि धान खरीदी केंद्रों पर हमाल की व्यवस्था, किसानों के लिए पानी, छांव में बैठने की व्यवस्था, मॉइश्चर मशीन सॉफ्टवेयर की जांच और सटीक कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

रजिस्ट्री सं. डी. एल (एन)- 04/0007/2003-05 REGD. No. D.L(N) 04/0007/2003-05

सत्यमेव जयते
**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**
सी.जी.-डी.एल.-सा.-03112025-267341
CG-DL-W-03112025-267341
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 40] नई दिल्ली, अक्तूबर 12-अक्तूबर 18, 2025, शनिवार/आश्विन 20-आश्विन 26, 1947
No. 40] NEW DELHI, OCTOBER 12-OCTOBER18, 2025, SATURDAY/ASVINA 20-ASVINA 26,1947

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग-II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)

**कोयला मंत्रालय**
नई दिल्ली, 9 अक्तूबर, 2025

का. आ. 1785.- केन्द्रीय सरकार ने कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन जारी भारत सरकार के कोयला मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 531(अ), तारीख 30 जनवरी, 2025 जो भारत के राजपत्र, असाधारण भाग 2, खंड 3, उपखंड (ii), तारीख 30 जनवरी, 2025 में प्रकाशित की गई थी, उस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट 861.701 हेक्टर (लगभग) या 2129.27 एकड़ (लगभग) भूमि और ऐसी भूमि में या उस पर के सभी अधिकारों का अर्जन करने के अपने आशय की सूचना दी थी;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 8 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

और केन्द्रीय सरकार का, पूर्वोक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् और छत्तीसगढ़ सरकार से परामर्श करने के पश्चात् यह समाधान हो गया है कि इससे संलग्न अनुसूची में वर्णित 861.701 हेक्टर (लगभग) या 2129.27 एकड़ (लगभग) माप वाली भूमि में या उस पर के सभी अधिकार अर्जित किए जाने चाहिए;

अतः, अब केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह घोषणा करती है कि इससे संलग्न अनुसूची में वर्णित 861.701 हेक्टर (लगभग) या 2129.27 एकड़ (लगभग) माप वाली भूमि में या उस पर के सभी अधिकार अर्जित किए जाते हैं;

इस अधिसूचना के अधीन आने वाले क्षेत्र के रेखांक धारक संख्या एसईसीएल/बीएसपी/जीएम (एल एंड आर)/भूमि/22, तारीख 24 जुलाई 2025 का निरीक्षण कलेक्टर जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) के कार्यालय में या कोयला नियंत्रक, कोयला नियंत्रक का संगठन, कोयला मंत्रालय, स्कोप मीनार, 5 वीं मंजिल, कोर II, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली 110092 के कार्यालय में या साउथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड, (राजस्व अनुभाग) सीपत रोड, बिलासपुर 495006, छत्तीसगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है।

अनुसूची
भिलाई ब्लॉक तथा भिलाई बाजार एवं सलोरा ब्लॉक
गेवरा क्षेत्र, कोरबा कोलफील्ड्स,
जिला कोरबा, छत्तीसगढ़
[ रेखांक धारक संख्या एसईसीएल/बीएसपी/जीएम (एल एंड आर)/भूमि/22 तारीख 24 जुलाई 2025 ]

सभी अधिकार :

क. राजस्व भूमि :

| क्रम सं. | ग्राम/मौजा का नाम | ग्राम संख्या | पटवारी हल्का संख्या/जमाबंदी खाताबही संख्या | तहसील | जिला | कुल भूमि (हेक्टेयर में) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रलिया (भाग) | 5503250 | 00051 | दीपका | कोरबा | 386.766 | इस अधिग्रहण में संपूर्ण ग्राम आता है |
| 2 | मुड़ियानार | 5503239 | 00053 | दीपका | कोरबा | 87.896 | संपूर्ण ग्राम पर विचार किया जा रहा है |
| 3 | भिलाई बाजार (भाग) | 5503238 | 00053 | दीपका | कोरबा | 364.741 | इस अधिग्रहण में संपूर्ण ग्राम आता है |
| | | | | | कुल | 839.403 | |

ख राजस्व वन भूमि:

| क्रम संख्या | ग्राम/मौजा का नाम | ग्राम/मौजा संख्या | पटवारी हल्का/जमाबंदी खाताबही संख्या | तहसील/पुलिस थाना | जिला | कुल भूमि (हेक्टेयर में) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रलिया (भाग) | 5503250 | 00051 | दीपका | कोरबा | 22.298 | इस अधिग्रहण में संपूर्ण ग्राम आता है |
| | | | | | कुल | 22.298 | |

कुल योग (क+ख): 861.701 हेक्टर (लगभग) या 2129.27 एकड़ (लगभग)।

1. ग्राम रलिया (भाग) में अर्जित किए जाने वाले प्लाट संख्याः 14 (भाग), 16/1(भाग), 16/6(भाग), 17, 32/1(भाग), 34/1 से 34/11 सभी भाग, 38/1 (भाग), 38/2 (भाग), 38/7 से 193 सभी भाग, 214 से 219 सभी प्लाट, 228 से 230 सभी प्लाट, 231/1 (भाग), 231/2, 231/3, 232/1, 232/2, 236 से 1001 सभी प्लाट।
2. ग्राम मुड़ियानार में अर्जित किए जाने वाले प्लाट संख्याः 1 से 326।
3. ग्राम भिलाई बाजार (भाग) में अर्जित किए जाने वाले प्लाट संख्याः 20 (भाग), 72 (भाग), 79/4 (भाग), 84 (भाग), 85 से 105, 114 (भाग), 116 से 194, 195 (भाग), 204, 205, 223 से 239, 273 से 1511।

आशयित प्रस्ताव रलिया, भिलाईबाजार और मुड़ियानार ग्रामों के सम्पूर्ण अर्जन के लिए है; इसलिए, यदि यदि क्रम संख्या 1, 2 और 3 के अधीन कोई प्लॉट संख्या अंकित नहीं है तो उसे सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए रेखांक धारक संख्या एसईसीएल/बीएसपी/जीएम (एल एंड आर)/भूमि/22 तारीख 24 जुलाई 2025 में दर्शित के अनुसार धारा 9 की उपधारा (1) के अधीन अधिग्रहित माना जाएगा।

सीमा वर्णनः

अ-बः रेखा बिन्दु 'अ' (ग्राम अमगाँव, रलिया एवं सरईसिंगार का मिलान बिन्दु) से शुरु होकर प्रारंभ मे अधिग्रहीत ग्राम रलिया की दक्षिणी सीमा रेखा के अनुदिश चलती है, तदपरांत ग्राम रलिया और भिलाईबाजार की उभय ग्राम सीमा रेखा पर चलकर बिन्दु 'ब' (ग्राम भिलाईबाजार, मुड़ियानार एवं पूर्व अधिग्रहित रलिया(भाग) का मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

ब-सः रेखा बिन्दु 'ब' (ग्राम भिलाईबाजार, मुड़ियानार एवं पूर्व अधिग्रहित रलिया (भाग) का मिलान बिन्दु) से शुरु होती है। तदोपरांत ग्राम भिलाईबाजार एवं मुड़ियानार की उभय सीमा पर चलती हुई बिन्दु 'स' (अधिग्रहित ग्राम भिलाईबाजार अनाधिग्रहित भिलाईबाजार एवं मुड़ियानार के मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

स-दः रेखा बिन्दु 'स' (अधिग्रहित ग्राम भिलाईबाजार अनाधिग्रहित भिलाईबाजार एवं मुड़ियानार के मिलान बिन्दु) से शुरु होती है, तदोपरांत ग्राम भिलाईबाजार के दक्षिणी सीमा के अनुदिश चलती हुई ग्राम बाहनपाठ और भिलाईबाजार की उभय सीमा पर चलती है। तदोपरांत पुनः पूर्व अधिग्रहित ग्राम भिलाईबाजार की दक्षिणी सीमा पर चलती हुई ग्राम भठोरा एवं भिलाईबाजार की उभय सीमा में चलकर बिन्दु 'द' (ग्राम भठोरा, बरभांठा एवं भिलाईबाजार के मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

द-ईः रेखा बिंदु 'द' (ग्राम भठोरा, बरभांठा एवं भिलाईबाजार के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम बरभांठा एवं भिलाईबाजार की उभय सीमा पर चलती हुई बिन्दु 'ई' (ग्राम बरभांठा, केसला और भिलाईबाजार के मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

ई-फः रेखा बिन्दु 'ई' (ग्राम बरभांठा, केसला और भिलाईबाजार के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम भिलाईबाजार एवं 10 केसला की उभय ग्राम सीमा पर चलती हुई बिन्दु 'फ' (ग्राम केसला, भिलाईबाजार एवं महुआडीह के मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

फ-गः रेखा बिन्दु 'फ' (ग्राम केसला, भिलाईबाजार एवं महुआडीह के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम महुआडीह और भिलाईबाजार की उभ्य ग्राम सीमा पर चलती हुई बिन्दु 'ग' (ग्राम भिलाईबाजार, महुआडीह और दर्री के मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

ग-चः रेखा बिन्दु 'ग' (ग्राम भिलाईबाजार, महुआडीह और दर्री के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम भिलाईबाजार एवं दर्री की उभय सीमा रेखा पर चलती हुई बिन्दु 'च' (ग्राम भिलाईबाजार(अनाधिग्रहित), दर्री और छिन्दपुर के मिलान बिन्दु) पर पहुंचती है।

च-छः रेखा बिन्दु 'च' (ग्राम भिलाईबाजार (अनाधिग्रहित), दर्री और छिन्दपुर के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम छिन्दपुर एवं भिलाईबाजार (अनाधिग्रहित) उभय सीमा रेखा पर चलती हुई बिन्दु 'छ' (ग्राम भिलाईबाजार (अनाधिग्रहित) मुड़ियानार एवं छिन्दपुर के मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

छ-जः रेखा बिन्दु 'छ' (ग्राम भिलाईबाजार (अनाधिग्रहित) मुड़ियानार एवं छिन्दपुर के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम छिन्दपुर एवं मुड़ियानार की उभय सीमा रेखा पर चलती हुई बिन्दु 'ज' (ग्राम रलिया, मुड़ियानार एवं छिन्दपुर के मिलान बिन्दु) पर पहुंचती है।

ज-कः रेखा बिन्दु 'ज' (ग्राम रलिया, मुड़ियानार एवं छिन्दपुर के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम रलिया एवं छिन्दपुर की उभय सीमा रेखा पर चलती हुई बिन्दु 'क' (ग्राम छिन्दपुर, रलिया एवं मुढ़ाली के मिलान बिन्दु)

क-लः रेखा बिन्दु 'क' (ग्राम छिन्दपुर, रलिया एवं मुहाली के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम रलिया और मुढ़ाली के उभय सीमा रेखा पर चलती हुई बिन्दु 'ल' (ग्राम रलिया, मुढ़ाली एवं नवापारा के मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

ल-मः रेखा बिन्दु 'ल' (ग्राम रलिया, मुढ़ाली एवं नवापारा के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम रलिया और नवापारा के उभय सीमा रेखा पर चलती हुई बिन्दु 'म' (ग्राम रलिया, नवापारा एवं कटकीडबरी के मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

म-नः रेखा बिन्दु 'म' (ग्राम रलिया, नवापारा एवं कटकीडबरी के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम रलिया एवं कटकीडबरी की उभय सीमा रेखा पर चलती हुई बिन्दु 'न' (ग्राम रलिया, कटकीडबरी एवं सरईसिंगार के मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

न-अः रेखा बिन्दु 'न' (ग्राम रलिया, कटकीडबरी एवं सरईसिंगार के मिलान बिन्दु) से शुरु होकर ग्राम रलिया और सरईसिंगार के उभय सीमा रेखा पर चलती हुई प्रारंभिक बिन्दु 'अ' (ग्राम अमगाँव, रलिया एवं सरईसिंगार का मिलान बिन्दु) तक पहुंचती है।

[फा. सं. 43015/1/2024 एलएआईआर]
दर्शन कुमार सोलंकी, निदेशक

# शेयर बाजार में जारी तेजी थमी सेंसेक्स 400 अंक गया लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक, बीएसई सेंसेक्स 400 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 124 अंक टूटा। कारोबारियों के अनुसार, कमजोर वैश्विक रुझानों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 400.76 अंक की गिरावट के साथ 85,231.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 444.84 अंक तक फिसल गया था। निफ्टी 124 अंक की गिरावट के साथ 26,068.15 पर बंद हुआ। पिछले दो सत्र में यह एक प्रतिशत यानी 282 अंक से अधिक चढ़कर 26,000 के पार पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इटर्नल के शेयर में प्रमुख रूप से गिरावट आई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और आईटीसी शामिल हैं। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में उम्मीद से बेहतर गैर-कृषि वेतन आंकड़ों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को कम कर दिया है। इससे वैश्विक बाजारों में निवेशकों की धारणा कमजोर हुई।

# हिंडाल्को के न्यूयॉर्क संयंत्र में लगी आग

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने उसके न्यूयॉर्क स्थित संयंत्र में आग लगने की शुक्रवार को जानकारी दी। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। कंपनी का न्यूयॉर्क के ओस्वेगो स्थित संयंत्र उसकी अमेरिकी अनुषंगी कंपनी नोवेलिस का है। इस संयंत्र में इससे पहले 16 सितंबर को भी आग लग गई थी। हिंडाल्को ने बीएसई को दी गई जानकारी में कहा, '' 20 नवंबर 2025 को सुबह करीब पौन नौ बजे (ईडीटी) न्यूयॉर्क के ओस्वेगो स्थित नोवेलिस संयंत्र में आग लगने की घटना हुई।'' कंपनी ने कहा कि संयंत्र में काम करने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ। इसमें कहा गया कि स्थानीय अग्निशमन विभागों के कर्मियों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्कः 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज – अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पीएससी टॉपर देवेश ने...

लिया। पिछले 2 सालों से सेल्फ स्टडी और रोजाना 14-15 घंटे की पढ़ाई से यह संभव हुआ। एआई से नोट्स तैयार करने में बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया। देवेश ने कहा कि असफलता रास्ता रोकती नहीं, दिशा दिखाती है। मैंने हर असफलता से सीखा और अपने डर को अपनी ताकत बना लिया। उनकी यह यात्रा उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की राह में चुनौतियों से जूझ रहे हैं।

बालोद का रहने वाला है परिवार

देवेश के पिता होलधर साहू भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त इलेक्ट्रिशियन हैं, जबकि मां नंदिनी साहू गृहणी हैं। उनकी बहन भूमिका साहू राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव ब्लॉक में हॉर्टिकल्चर आरएचईओ के पद पर कार्यरत हैं। उनका परिवार मूल रूप से बालोद जिले के गुंडरदेही ब्लॉक के जोरातराई गांव का रहने वाला है। रिजल्ट आने के बाद गांव में जश्न का माहौल है।

तीसरे प्रयास में मिली सफलता

देवेश ने बस्तर के जगदलपुर स्थित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीई की डिग्री प्राप्त की। अपनी पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशासनिक अधिकारी बनने का लक्ष्य निर्धारित किया था। उन्होंने पहली बार 2021 में यह परीक्षा दी थी, जिसमें उन्हें 219 अंक प्राप्त हुए। दूसरी बार 2023 में उन्हें 179 अंक मिले। इन दोनों प्रयासों में उन्हें सफलता नहीं मिली थी। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और तीसरे प्रयास के लिए कड़ी तैयारी की।

### रोजाना 14-15 घंटे ...

15 से 20 घंटे तक पढ़ाई करते थे, जिसमें निरंतर अभ्यास और खुद को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

### मुख्य बदलावों में ...

उनकी सहमति सुनिश्चित करनी होगी।
6. अनौपचारिक श्रमिकों को सुरक्षाः गिग वर्कर्स और प्लेटफ़ॉर्म वर्कर्स को पहली बार कानूनी पहचान मिलेगी। उन्हें PF, बीमा, पेंशन जैसे सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल सकेंगे और प्लेटफार्म कंपनियों को उनके लिए योगदान करना होगा। 7. कानूनी अनुपालन आसानः अब कई रजिस्ट्रेशन और रिपोर्टिंग की जगह सिंगल लाइसेंस, सिंगल रिटर्न मॉडल आएगा, जिससे कंपनियों का कम्प्लायंस बोझ घटेगा।

### पहली बार बोर्ड परीक्षाएं ...

रही हैं। मार्च में होने वाली प्रथम बोर्ड परीक्षाओं में असफल रहने वाले अथवा असंतुष्ट छात्रों को दोबारा मौका दिया जा रहा है। बीते सत्र में द्वितीय बोर्ड परीक्षाएं जुलाई माह में प्रारंभ हुई थी। मंडल प्रथम बोर्ड परीक्षाएं जल्द प्रारंभ कर द्वितीय बोर्ड परीक्षाएं भी जून माह तक आयोजित करने की योजना पर काम कर रहा है। इस कारण इस बार परीक्षाएं मार्च के स्थान पर फरवरी माह से प्रारंभ हो रही हैं। गौरतलब है कि प्रायोगिक परीक्षाएं भी इस वर्ष 10 दिन पूर्व आयोजित की जा रही हैं। सत्र 2024-25 तक प्रायोगिक परीक्षाएं 10 जनवरी से शुरू होती रही हैं। इस बार एक जनवरी से इसकी शुरुआत हो रही है। इस बार समय-सारिणी भी अन्य वर्षों की तुलना में पहले जारी कर दी गई है।

**प्रवेश में सुविधा**

माशिम दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करा रहा है। प्रथम परीक्षा जल्द आयोजित किए जाने से द्वितीय परीक्षा भी तय समय पर ले सकेंगे। इससे विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्थानों अथवा अगली कक्षा में प्रवेश लेने में सुविधा होगी।

**-पुष्पा साहू, सचिव, माशिम**

### प्रफुल्ल कुमार का इस्तीफा ...

के कारण विवेक शर्मा सुर्खियों में रहे हैं।

वे वर्तमान में चर्चित लीकर स्कैम,कोल स्कैम और एसीबी से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों में शासन की ओर से उपस्थिति दे चुके हैं। इनके पिता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जज के अलावा छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। 3 जून 1980 को बिलासपुर में जन्मे विवेक शर्मा ने रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी,जबलपुर से एलएलबी की पढ़ाई की है। वे 23 सालों की वकालत का अनुभव रखते हैं । अब वे सबसे कम उम्र के महाधिवक्ता पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालेंगे।

### प्रबंधक सोमवार से लौटेंगे काम...

पीडीएस के राशन वितरण में आई परेशानी का हल हो गया है। दअसल राज्य की चार हजार सोसाइटियों के पास सरकारी राशन वितरण का काम भी है। ये लोग हड़ताल पर गए, तो 20 नवंबर तक हजारों दुकानों से राशन भी नहीं बंट पाया था। अब शनिवार और रविवार को भी इन सोसाइटियों से राशन का वितरण शुरू हो जाएगा।

### ये थी मांगें...

प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतनमान देने हेतु प्रति वर्ष प्रत्येंक समितियों को 3-3 लाख रूपये प्रबंधकीय अनुदान राशि मध्यप्रदेश सरकार की तरह दिया जाए। काण्डे कमेटी की अध्यक्षता रिपोर्ट सेवानियम 2018 संशोधन में भविष्य निधि, मंहगाई भत्ता, ईएसआईसी सुविधा, संस्था के दैनिक,संविदा कर्मचारियों को समिति के सीधी भर्ती में प्राथमिकता, बोनस अंक अनिवार्य कर शीघ्र लागू करते हुए बैंक कैडर समिति प्रबंधक पद, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के बैंकों के खाली पदों पर समितियों के सहायक कर्मचारियों को 50 प्रतिशत विभागीय भर्ती करते हुए उम्र एवं योग्यता में शिथिलता दी जावे।

### कोयला घोटाला में झारखंड...

नाकेबंदी के अलावा आवासों और कार्यालयों की तलाशी ली। उन्होंने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है।

### नितिन नबीन का कद...

कृषि विभाग मिला है, जिसे सरकार के प्रमुख मंत्रालयों में से एक माना जाता है। गौरतलब है कि गुरुवार को नीतीश कैबिनेट में कुल 26 मंत्रियों ने शपथ ली थी, लेकिन फिलहाल 18 मंत्रियों को ही विभागों का आवंटन किया गया है। शेष मंत्रियों के विभागों का तय होना अभी बाकी है, जिसे लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है।

### किसको मिला...

सिंह टाइगर को श्रम संसाधन, संजय पासवान को गन्ना उद्योग, संजय कुमार सिंह को पीएचईडी, लखेंद्र रौशन को एससी एसटी कल्याण, रमा निषाद को पिछड़ा अति पिछड़ा कल्याण, दीपक प्रकाश को पंचायती राज विभाग मिला है।

### नपा. गरियाबंद का इंजीनियर...

गायकवाड़ ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दी थी कि उन्होंने नगर पालिका गरियाबंद के विभिन्न वार्डों में शौचालय मरम्मत का कार्य किया है। इस कार्य का 2.50 लाख रुपए का बिल भुगतान नगर पालिका से होना था। भुगतान के लिए सहायक अभियंता संजय मोटवानी द्वारा 50 प्रतिशत यानी 1 लाख 25 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** सिक्यूरिटी गार्ड- 2, रिसेप्शनिस्ट/ कैप्टन- 2, किचन हेल्पर (इंडियन, तन्दूर, चाइनीज)- 1 चाहिए वेतन योग्यता अनुसार रहने, खाने की सुविधा सम्पर्क करें- होटल डाउन टाऊन, राजकिशोर नगर बिलासपुर 9144666000, 8982930155 (39218)

**आवश्यकता है-** बिरयानी सेन्टर में काम करने हेतु हेल्पर एवं वेटर लड़के चाहिए बाहरी लड़कों को रहने की सुविधा सम्पर्क करें- खान बिरयानी हरिभूमि प्रेस के सामने, रिंग रोड नं-2, बिलासपुर 7000763104 (39210)

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस कैन्टीन में काउन्टर में खाना देने हेतु लड़के, बर्तन, झाड़ू पोछा, किचन हेल्पर, खाना, नाश्ता मिस्त्री चाहिए रहने खाने की सुविधा, वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 8871824812, 9993334937 (39211)

**आवश्यकता है-** यश सुपर बाजार में बिजी सॉफ्टवेयर कम्प्यूटर आपरेटर (लड़का), सेल्स के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी सम्पर्क करें- रिंग रोड नम्बर 2, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9981063081 (39205)

**आवश्यकता है-** सीए आफिस में टेली अनुभवी कॉमर्स वाले युवक, युवतियां चाहिए (एकाउंट्स सीखना हो) मासिक छात्रवृत्ति 2500, प्रातः 10 से शाम 8 बायोडाटा वाट्सअप करें- सीए मनोज कुमार अग्रवाल, फिनिटैक्स टावर, अमलताश कॉलोनी रोड, रियलहेवन अपार्टमेंट के पास मंगला चौक बिलासपुर 9827188833, 8982308890 (39207)

**आवश्यकता है-** खाना बनाने हेतु पुरुष, महिला कुक चाहिए (खाना नाश्ता सभी के लिए अनुभवी) समय सुबह 8 से शाम 8 बजे तक पता- रामा वर्ड न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 9967299365 (39219)

**आवश्यकता है-** डी-कंसल्टेंट इंटीरियर कम्पनी में इंटीरियर डिजाइनर एवं योग्य साइट सुपरवाइजर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुभव अनुसार सम्पर्क करें- एम. गैलेरिया कॉम्प्लेक्स प्रथम तल, व्यापार विहार बिलासपुर 7722983234, 6266966581 (39215)

**आवश्यकता है-** नौकरी अवसर क्राउन पब्लिशिंग सरकण्डा, बिलासपुर MS Office and Digital Marketing में 1 से 2 वर्ष अनुभव वाले 12वीं, स्नातकोत्तर लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7974794530 (39213)

**आवश्यकता है-** घर पर रहकर हमारे घर में घरेलू काम करने के लिए लड़का या लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोड़पारा गुरुद्वारा के बाजू में बिलासपुर 9669211111, 9827175811 (39216)

**आवश्यकता है-** लेथ मशीन मिस्त्री (अनुभवी) एवं फोरमेन जो कि सभी मशीन चलाना जानता हो सम्पर्क करें जोत इंजीनियरिंग कृष्णा जेसीबी के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 (39194)

**आवश्यकता है-** मेस में काम करने के लिए कुक की अतिशीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- दिल्ली आईएएस एकेडमी के पीछे मंगला बिलासपुर 9755655055 (39193)

**आवश्यकता है-** सीए फर्म में कार्य हेतु सीए/ सीए इन्टर युवक, युवतियां चाहिए पता- सीए मनोज कुमार अग्रवाल, फिनिटैक्स टावर, अमलताश कॉलोनी रोड, रियलहेवन अपार्टमेंट के पास मंगला चौक बिलासपुर 9827188833, 8982308890 (39206)

**आवश्यकता है-** अनुभवी रिसेप्शनिस्ट हॉस्पिटल मैनेजमेंट, अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर फील्ड वर्क अनुभवी) अनुभवी फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर हेतु) चाहिए सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 7470946314 (39188)

**आवश्यकता है-** डोर स्टेप लॉन्ड्री में ड्राई क्लीनर (ऑल राउंडर) की अतिशीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- विनर्स वैली स्कूल के बगल में मन्दिर चौक बिलासपुर 9907980004, 9300003383 (39202)

**आवश्यकता है-** अनुभवी मेहनती फील्ड कार्य हेतु सुपरवाइजर कम्प्यूटर कार्य, हिन्दी टाइपिंग जानकार, फील्ड हेतु मेहनती सुपरवाइजर, युवक, युवती। सम्पर्क- अजय शुक्ला ग्रीन पार्क जरहाभाटा हर्ष आशियाना के पास बिलासपुर 6267249741 9589944464 (39199)

**आवश्यकता है-** फील्ड कार्य हेतु कर्मचारी (आयु 30वर्ष से ऊपर, स्वयं की सायकल हो) लॉज में वेटर/ नियमित झाड़ू पोछा, सफाई हेतु कर्मचारी, अनुभवी बिजली मिस्त्री वेतन 10000 ग्रामीणों को भोजन आवास निःशुल्क ओरिजनल आईडी सहित सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 9406390898 (39195)

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेन्ट में काम करने के लिए तन्दूर मिस्त्री, किचन हेल्पर और वेटर लेडीज, जेंट्स दोनों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- साँझा चूल्हा महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8319344041 (39196)

**आवश्यकता है-** अनुभवी सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- किम्स हॉस्पिटल मगरपारा रोड बिलासपुर 7694006583, 6364445676 (39204)

**आवश्यकता है-** फोर व्हीलर वर्कशॉप में लड़के/ लड़कियों, सुपर डिजायनर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, प्यून चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- बालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज मगरपारा रोड बिलासपुर (39197)

**आवश्यकता है-** परमानेंट ड्राइवर चाहिए फोर व्हीलर गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी लाइसेंस धारी ड्राइवर की आवश्यकता है लोकल बिलासपुर वाले को प्राथमिकता वेतन 8000 सम्पर्क करें- 7470441882 (39198)

**आवश्यकता है-** हास्टल में साफ सफाई कार्य करने के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पी. पुरी मित्र विहार नारायण प्लाजा के पास लिंक रोड बिलासपुर 9340969592, 7828803577 (39186)

**आवश्यकता है-** हाऊस कीपिंग स्टाफ-100 (गर्ल, ब्यॉय) नर्स-15, लेडिज गार्ड-10, वार्डब्यॉय-10, ऑफिस ब्यॉय-10 बिलासपुर अम्बिकापुर हेतु रहना फ्री ड्यूटी 8घंटे, वेतन 6000-10000 पता-डीके एण्ड सन्स प्लेसमेन्ट सर्विसेस शंकर नगर बिलासपुर 8889823100 (39144)

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री पता- बंजारी मन्दिर के पास, रावाभाटा, रायपुर 7471176423 (39200)

**आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000/- कम्प्यूटर ऑपरेटर 3 सुरक्षागार्ड 56 वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, FF-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 7747000019, 7747000016, 7746000016, 7746000019 (348)

**आवश्यकता है-** मैनेजर/ आफिस सुपरवाइजर की आवश्यकता है जिसे फील्ड में कार्य करने, कम्प्यूटर चलाने का अनुभव हो। वेतन योग्यता अनुसार। स्वयं का वाहन। सम्पर्क करें- फर्म किशनचंद जी जादवानी 9827126666, 9827177676 (39187)

**आवश्यकता है-** कपड़े एवं कॉस्मेटिक शॉप में काम कुन के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शिमर एण्ड शाइन कॉस्मेटिक सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स अग्रसन चौक बिलासपुर 8602460166 (39184)

**आवश्यकता है-** शिवाय & रूद्र कार्पोरेशन को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए कृषि विकास और समद्धि योजना हेतु प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर की तुरंत आवश्यकता हैं, वेतन 30000+ 5% इंसेटिव, योग्यता पोस्ट ग्रेजुएशन, ग्रेजुएशन +बाइक कॉन्टैक्टः- 7909995001 (372)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** सिक्यूरिटी एजेंसी में गार्ड का कार्य करने हेतु इच्छुक व्यक्ति की आवश्यकता है, न्यूनतम योग्यता 10वी पास, (अनुभवी को प्राथमिकता) संपर्कः- उमा सिक्यूरिटी सर्विसेज बिलासपुर 9981630084, 9425534940 (373)

**आवश्यकता है-** कुत्ते के आश्रम में दयालु और जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, साफ सफाई, देख-भाल का कार्य 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, 7225888800 (6951)

**आवश्यकता है-** अम्मा जी ट्रेडर्स बिलासपुर में सेल्स मार्केटिंग कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है सैलरी+ कमीशन+ पेट्रोल सम्पर्क करें- व्यापार विहार, बिलासपुर 6266732985, 9685138652 (346)

टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)
नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स (पुरूष/महिला), ITI फिटर, ITI इलेक्ट्रिशियन, सिक्यूरिटी गार्ड चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध.
पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेन्ट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग।
संपर्क करें। 9827163216 8462933820

## टैक्स कंसलटेंट

**टैक्स कंसलटेंट-** इनकम टैक्स, जीएसटी, गुमास्ता, डायवर्शन, अकाउंटिंग, एमएसएमई पंजीयन, फूड लाइसेन्स, लीगल कंसल्टेन्सी इत्यादि कार्यों हेतु सम्पर्क करें- सुयश अग्रवाल टैक्स कंसलटेंट, सेकेण्ड फ्लोर मुल्कराज कॉम्प्लेक्स व्यापार विहार बिलासपुर 9009101660, 9244068285 (39185)

**बेचना है-** हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 8839455596, 7697644444 (38649)

**बेचना है-** परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्वसुविधायुक्त 2BHK मकान 26 लाख एवं 3BHK मकान 27 लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9884261185, 9827404638 (39217)

**बेचना है-** सैदा मेन रोड में 30 डिसमिल 95 का फ्रंट, खसरा नम्बर 18/1, मुख्य मार्ग से लगा सकरी रायपुर बाईपास से 300 मीटर दूर स्थित कॉमर्शियल प्लाट। सम्पर्क करें- 9009373639, 9425569242 (39212)

**बेचना है-** सिन्धी कॉलोनी शारदा मंदिर के पीछे 1500 वर्गफुट में बना सर्वसुविधा युक्त फुल फर्निश्ड 3BHK मकान बेचना है संपर्क करें 8319404073, 7974522234 (39203)

**बेचना है-** बिलासपुर सीपत में मेन रोड पर सीमांकन किया हुआ 8850 वर्गफीट प्लॉट फ्रंट 150 फीट एक साथ या टुकड़े में रजिस्ट्री पश्चात डायवर्सन कर दिया जावेगा सम्पर्क करें- 6399166000, 7697558000 (39201)

## किराया

**किराया-** बिलासपुर 27 खोली में गुरुद्वारा के सामने सर्व सुविधा युक्त 2BHK फ्लैट प्रथम तल पर किराए से देना है जॉब वाले ही सम्पर्क करें- 9752079958 (39209)

**किराया-** ओम नगर जरहाभाठा, कटहल चौक बिलासपुर में 1 BHK मकान किराये से देना है 2 मकान भूतल एवं 1 मकान प्रथम तल पर स्थित है। सम्पर्क करें- राकेश शर्मा (अधिवक्ता) 8269890000 (39208)

**किराया-** शारदा सदन विद्या नगर शिव मन्दिर के पीछे बिलासपुर में 2500 वर्गफुट का 2मंजिला, फर्निश्ड घर किराए पर देना है 5 कमरे, हॉल परिवार ऑफिस हेतु उपयुक्त। सम्पर्क करें- 8989220777, 7024480818 (39191)

सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है।
क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है।
क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं हैं। ये खुरापाती नीम हकीमों से सावधान इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इन्नुनों थैरिपी पर आधारित केवल रस रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस. ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
मो.- 94255-55659 96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
➡ जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
➡ जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
➡ शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
➡ एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
➡ श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
➡ रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
➡ जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
➡ भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
➡ श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
➡ एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
➡ रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
➡ श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
➡ अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
➡ विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
➡ माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
➡ बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# एशेज: पहले दिन तेज गेंदबाजों का दबदबा, गिरे 19 विकेट, स्टार्क के बाद स्टोक्स का 'पंजा'

एजेंसी ▸▸| पर्थ

एशेज टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाजों के दबदबे के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में महज 172 रन पर सिमटने के बाद कप्तान बेन स्टोक्स के पांच विकेट से इंग्लैंड ने मजबूत वापसी की।

पांच मैचों की श्रृंखला का पहला दिन उम्मीदों पर खरा उतरा, जहां पर्थ स्टेडियम में 51,000 से अधिक दर्शकों के सामने 72 ओवर के खेल में 19 विकेट गिरे। दिन का खेल खत्म होते समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर नौ विकेट पर 123 रन था और यह टीम पहली पारी में महज एक विकेट शेष रहते 49 रन पीछे है।दिन का शुरुआती सत्र पूरी तरह से मिचेल स्टार्क के नाम रहा। उन्होंने नियमित कप्तान पैट कमिंस और दिग्गज जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 58 रन देकर सात विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र तक इंग्लैंड को ऑल आउट कर दिया।

### इंग्लैंड टीम में पांच तेज गेंदबाज

जोफ्रा आर्चर ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के पहले ही ओवर में विकेट लेकर दिखा दिया कि पांच तेज गेंदबाजों की मौजूदगी वाली इंग्लैंड की टीम भी इस मामले में कमजोर नहीं है। मैच में अभी चार दिन शेष और दोनों टीमों की पहली पारी लगभग खत्म हो चुकी है। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के बावजूद आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए 5.23 रन प्रति ओवर की दर से रन बनाए।



### ऑस्ट्रेलिया को रक्षात्मक रुख अपनाना पड़ा भारी

ऑस्ट्रेलिया के लिए रक्षात्मक रुख अपनाना भारी पड़ गया क्योंकि टीम उस तेजी से रन नहीं बना सकी लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रही। दोनों टीमों के बल्लेबाजों को तेजी से उठती शॉर्ट-पिच गेंदों का सामना करना पड़ा ऑस्ट्रेलिया की पारी के 24वें ओवर में कैमरून ग्रीन को मार्क वुड की 147 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली बाउंसर ने चोटिल किया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे स्टंप पर गिरते-गिरते बचे। इंग्लैंड का आक्रमण उस तरह की खतरनाक गेंदबाजी कर रहा था जैसा ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज आमतौर पर मेहमान टीमों के खिलाफ करते हैं।

### उस्मान ख्वाजा को नहीं मिली बल्लेबाजी की अनुमति

इंग्लैंड ने पुछल्ले बल्लेबाजों ने पारी के आखिर में तेजी से विकेट गंवाए, जिसका खामियाजा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी उठाना पड़ा। ख्वाजा उस समय ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे और चूंकि वह आठ मिनट से अधिक समय तक मैदान से बाहर रहे थे ऐसे में उन्हें ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत करने की अनुमति नहीं दी गई। उनकी जगह लेने के लिए मार्नस लाबुशेन को ऊपरी क्रम में आना पड़ा।

### ऑस्ट्रेलिया को स्टार्क ने दिलाई शानदार शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया को स्टार्क ने शानदार शुरुआत दिलाई। स्टार्क ने पहले ओवर में विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बना दिया। उन्होंने छठी गेंद पर जैक क्रॉली को स्लिप में उस्मान ख्वाजा के हाथों लपकवाया। इस बाएं हाथ के गेंदबाज ने अपने पहले पांच ओवर में तीन विकेट चटकाए। लंच तक स्कोर चार विकेट पर 105 रन था । इंग्लैंड ने लंच के बाद छह विकेट 67 रन के भीतर गंवा दिए। उन्होंने जैसी स्मिथ (33) और मार्क वुड (शून्य) को लगातार गेंदों पर विकेट लेकर इंग्लैंड की पारी को खत्म किया। दूसरी पारी में उनके पास ऐसे में हैट्रिक पूरा करने का मौका होगा।

## खबर संक्षेप



### शौर्य ने राइफल थ्री-पोजिशन में जीता रजत

**टोकियो।** युवा निशानेबाज शौर्य सैनी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन में रजत पदक जीता, जिससे डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) की निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत का दबदबा कायम रहा। सैनी के दूसरे स्थान पर रहने के बाद भारत के निशानेबाजी में पदकों की संख्या 13 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। पिछले साल पेरू में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले 22 वर्षीय सैनी ने फाइनल में 450.6 का स्कोर बनाया और जर्मनी के मैथियास एरिक हेस से पीछे रहे। हेस ने 459.8 अंक के साथ बधिर विश्व रिकार्ड स्थापित किया। फाइनल में जगह बनाने वाले एक अन्य भारतीय निशानेबाज कुशाग्र सिंह राजावत आठवें स्थान पर रहे। उन्होंने इससे पहले 50 मीटर राइफल प्रोन में कांस्य पदक जीता था। सैनी ने फाइनल में 584 के बधिर विश्व रिकार्ड क्वालीफिकेशन स्कोर के साथ प्रवेश किया।

### एएफसी अंडर 17 एशियाई कप के लिए टीम घोषित




**अहमदाबाद।** मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने 2026 एएफसी अंडर 17 पुरूष एशियाई कप क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत का सामना 22 नवंबर को फलस्तीन से , 26 नवंबर को चीनी ताइपै, 28 नवंबर को लेबनान और 30 नवंबर को ईरान से होगा। ग्रुप के विजेता को अगले साल सउदी अरब में होने वाले टूर्नामेंट में जगह मिलेगी, जो कतर में होने वाले फीफा अंडर 17 विश्व कप का क्वालीफायर भी है।

### कराटे प्रशिक्षण शिविर 31 दिसंबर तक

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने लक्ष्य एशियाई खेल समूह (टीएजीजी) योजना के माध्यम से जापान में 2026 में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के तहत लखनऊ में 48 कराटे खिलाड़ियों के लिए 45 दिवसीय कोचिंग शिविर का आयोजन किया है। कराटे का 45 दिवसीय शिविर लखनऊ स्थित साइ क्षेत्रीय केंद्र में 17 नवंबर को शुरू हुआ और यह 31 दिसंबर तक चलेगा। साइ ने कहा, 'शिविर में 64 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 48 खिलाड़ी, 12 कोच और चार सहायक कर्मचारी शामिल हैं। खिलाड़ियों में 24 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ी शामिल हैं। पूरे शिविर को राष्ट्रीय खेल महासंघों (एएनएसएफ) योजना के तहत 1.42 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है।' लखनऊ में आयोजित शिविर में उन प्रतिभाओं की पहचान की जाएगी, जिन्हें अगले वर्ष 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए विदेशों में खेलने का मौका मिलेगा।

## दूसरा टेस्ट मैच आज सुबह 9 बजे से गुवाहाटी में

# टेस्ट कप्तानी का डेब्यू करेंगे पंत, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेंगे मैदान पर

श्रृंखला बराबर करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸| गुवाहाटी

पहले टेस्ट मैच में स्पिनरों के सामने नतमस्तक होने वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में स्पिन पहेली को सुलझाकर श्रृंखला बराबर करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। शुभमन गिल की अनुपस्थिति में ऋषभ पंत के लिए नेतृत्व की चुनौती बेहद चुनौतीपूर्ण होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए तो और भी कठिन परीक्षा आने वाली है, जिनके अक्सर उलझाने वाले फैसलों ने ड्रेसिंग रूम और थिंक टैंक को स्पष्टता के लिए जूझने पर मजबूर कर दिया है। पिछले तीन दशकों से घरेलू मैदान पर खेलते हुए भारतीय टीमों की अजेय रहने की जो चमक रही है, वह वर्तमान टीम के सामने गायब हो गई है। यह पिछले कुछ वर्षों में पहला अवसर होगा जबकि भारतीय टीम घरेलू मैदान पर जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत नहीं करेगी। उसकी टीम कमजोर नजर आ रही है और क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह अच्छी स्थिति नहीं है।



**टीमें इस प्रकार**

भारतः ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), केएल राहुल, यशस्वी जयसवाल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, देवदत्त पडिक्कल, आकाश दीप।

दक्षिण अफ्रीका : तेम्बा बावुमा (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, टोनी डी जोरजी, जुबैर हमजा, साइमन हार्मर, मार्को जानसन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरान मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

### टीम से रिलीज किए गए गिल जांच के लिए जाएंगे मुंबई

कप्तान शुभमन गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रिलीज कर दिया गया। कोलकाता में पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में बल्लेबाजी करते समय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल होने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे।' उन्होंने कहा 'गिल को कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन में चोट लग गई थी और दिन का खेल खत्म होने के बाद उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### पसली की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रबाडा

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाएंगे चूंकि वह पसली की चोट से उबर नहीं सके हैं, जो उन्हें पहले टेस्ट से पूर्व अभ्यास सत्र में लगी थी। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा,'कैगिसो दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेगा।' बावुमा ने कहा कि गुवाहाटी की पिच उपमहाद्वीप की आम पिचों की तरह लग रही है, जो पहले दो दिन बल्लेबाजों की और बाद में स्पिनरों की मददगार होगी। उन्होंने कहा,' यह विकेट ताजा है और कोलकाता की पिच की तुलना में स्थिर होगी। हम सुबह इसका मुआयना करके कैगिसो के विकल्प पर बात करेंगे।'

### एकमात्र मैच में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं: पंत

आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने स्वीकार किया कि एकमात्र टेस्ट में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं है लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच की कड़ी चुनौतियों के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। इस मैच से पहले नियमित कप्तान शुभमन गिल को चोटिल होने के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था, जिसके बाद पंत को कप्तानी सौंपी गई। पंत ने कहा, 'एक कप्तान के लिए एकमात्र मैच सबसे अच्छा विकल्प नहीं होता, लेकिन मैं बीसीसीआई का मुझे यह सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। कभी-कभी अगर आप किसी बड़े मौके के बारे में बहुत ज़्यादा सोचते हैं, तो इससे कोई फायदा नहीं होता।' उन्होंने कहा, 'मैं ज्यादा सोचना नहीं चाहता। पहला टेस्ट मैच हमारे लिए कठिन था और हमें टेस्ट जीतने के लिए जो भी करना होगा हम वह करेंगे। पंत ने कहा कि टीम प्रबंधन ने पहले ही मैच के लिए गिल के स्थान पर खेलने वाले खिलाड़ी के बारे में फैसला कर लिया है, लेकिन उन्होंने नाम का खुलासा नहीं किया।

## स्मृति ने पलाश मुच्छल के संग की सगाई, कल बंधेंगी शादी के बंधन में



**नई दिल्ली।** महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना ने संगीतकार पलाश मुच्छाल के साथ अपनी सगाई की घोषणा कर दी है, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस आक्रामक बल्लेबाज का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह भारतीय टीम की अपनी साथी खिलाड़ियों राधा यादव, जेमिमा रोड्रिग्स, श्रेयांका पाटिल और अरुंधति रेड्डी के साथ बॉलीवुड की फिल्म लगे रहो मुन्ना भाई के गीत 'समझो हो ही गया' पर नृत्य कर रही हैं। इस दौरान वह मुस्कुराते हुए अपनी सगाई की अंगूठी को भी दिखा रही हैं। जेमिमा ने यह क्लिप इंस्टाग्राम पर साझा की है, जिसे अभी तक 19 लाख से ज़्यादा लाइक्स और 12,000 से ज़्यादा कमेंट्स मिल चुके हैं। मंधाना और मुच्छाल 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेंगे। प्रधानमंत्री ने दम्पति को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मंधाना की कवर ड्राइव की सुंदरता मुच्छाल की 'मधुर संगीतमय सिम्फनी' के साथ एक अद्भुत साझेदारी बनाएगी।

# डेविस कप सेमीफाइनल में स्पेन और जर्मनी की एंट्री

एजेंसी ▸▸| बोलोग्ना

मार्सेल ग्रैनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज ने निर्णायक युगल में टॉमस माचाक और जैकब मेन्सिक को हराया, जिससे स्पेन ने चेक गणराज्य को 2-1 से पराजित करके डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ग्रैनोलर्स और मार्टिनेज ने सुपरटेनिस एरिना में युगल मुकाबला 7-6 (8), 7-6 (8) से जीता।

इससे पहले 20 वर्षीय मेन्सिक ने पाब्लो कारेनो बुस्टा को 7-5, 6-4 से हराकर चेक टीम को बढ़त दिला दी थी। जौमे मुनार ने जिरी लेहेका को 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को बराबरी दिलाई।



सेमीफाइनल में स्पेन का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मनी से होगा, जिसने अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। अन्य सेमीफाइनल इटली और बेल्जियम के बीच खेला जाएगा। केविन क्राविट्ज़ और टिम पुएट्ज़ ने निर्णायक युगल मैच में तीसरे सेट के टाईब्रेकर में आंद्रेस मोल्टेनी और होरासियो जेबालोस को हराकर जर्मनी को क्वार्टर फाइनल में जीत दिलाई।

टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-6 (3), 7-6 (7) से हराकर अर्जेंटीना को आगे कर दिया, लेकिन जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-4, 7-6 (3) से हराकर स्कोर बराबर कर दिया। युगल में केविन क्राविट्ज़ और टिम पुएट्ज़ ने 4-6, 6-4, 7-6 (10) से जीत हासिल की।

### भारत को मिलेगी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी : पीटी उषा

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा को पूरा यकीन है कि भारत को 26 नवंबर को ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल आमसभा की बैठक के दौरान 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिल जाएगी। उन्होंने कहा,' हम ग्लास्गो रवाना हो रहे हैं। मुझे पूरा यकीन है कि लोगों की उम्मीदें पूरी होंगी। दो तीन दिन इंतजर कर लें।' पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेल कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद में इन खेलों के आयोजन की सिफारिश की थी। ग्लास्गो में होने वाली बैठक में अंतिम मंजूरी मिलेगी। अहमदाबाद के अलावा नाइजीरिया का अबुजा मेजबानी की दौड़ में है। राष्ट्रमंडल खेल को 2030 में सौ साल भी पूरे होने जा रहे हैं।

# 27 को डब्ल्यूपीएल की नीलामी, दीप्ति रेणुका समेत 277 खिलाड़ी लेंगी हिस्सा







एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत की विश्व कप स्टार दीप्ति शर्मा समेत दुनिया भर के 277 खिलाड़ी 27 नवंबर को महिला प्रीमियर लीग में 73 स्थानों के लिए होने वाली नीलामी का हिस्सा होंगे। नीलामी पूल में शामिल खिलाड़ियों की घोषणा करते हुए डब्ल्यूपीएल की विज्ञप्ति में कहा गया कि 19 खिलाड़ियों ने 50 लाख की श्रेणी के लिए, 11 ने 40 लाख और 88 खिलाड़ियों ने 30 लाख की श्रेणी के लिए नाम दिए हैं। इसमें कहा गया,' नीलामी सूची में 194 भारतीय खिलाड़ी हैं, जिनमें 52 राष्ट्रीय और 142 घरेलू खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में 66 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और 17 ऐसे क्रिकेटर शामिल हैं, जिन्होंने अपने देश के लिए नहीं खेला है। विदेशी खिलाड़ियों के लिए 23 स्थान उपलब्ध है।'


## सात्विक-चिराग की जोड़ी आगे बढ़ने में नाकाम

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में लक्ष्य, हमवतन शेट्टी को हराया

एजेंसी ▸▸| सिडनी

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने हमवतन खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीय भारतीय पुरुष जोड़ी आगे बढ़ने में नाकाम रही।

सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने 53 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-11 से जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा, जो इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त हैं। विश्व में नौवें स्थान पर काबिज और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता चोउ ने एक घंटे 23 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फरहान अल्वी को 13-21, 23-21, 21-16 से हराया। अल्वी ने पिछले दौर में भारत के एचएस प्रणय को हराया था।





### सेन को शेट्टी को हराने में हुई कठिनाई

पुरुष युगल में भारत को झटका लगा क्योंकि सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 21-19, 21-15 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। सेन ने इस वर्ष के शुरू में हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी 20 वर्षीय शेट्टी को हराया था। अल्मोड़ा का रहने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी लेकिन इस साल अभी तक कोई खिताब नहीं जीत पाया है। सेन को शुरुआती गेम में शेट्टी को हराने में कठिनाई हुई। वह एक समय 6-9 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से पिछड़ने के बाद लगातार चार अंक जीते और 13-10 से बढ़त हासिल कर ली।

### उतार-चढ़ाव भरा रहा मुकाबला

अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में कई बार बढ़त हासिल की, लेकिन आखिर में सेन ने 21-21 से बराबरी कर ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सेन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बना ली, जो कुछ ही देर में 15-7 हो गई और शेट्टी की चुनौती कमजोर पड़ गई। प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत के गुरुवार को बाहर हो जाने के बाद सेन पुरुष एकल में अब एकमात्र भारतीय बचे हैं।

# एशिया कप राइजिंग स्टार्स से इंडिया-ए हुई बाहर



**दोहा।** एशिया कप राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में इंडिया ए की टीम को रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश ए की टीम ने सुपर ओवर में हराया। वैभव सूर्यवंशी (38) और प्रियांश आर्य (44) की तूफ़ानी पारी से इंडिया ए ने 195 रन के चेज में 20 ओवर में इतने ही रन बनाए। लेकिन सुपर ओवर में बांग्लादेश के रिपोन मंडल ने लगातार दो गेंद पर दो विकेट लेकर भारत को एक भी रन नहीं बनाने दिया और बांग्लादेश ने वाइड बॉल से एक रन बनाकर आसान जीत दर्ज कर ली। इसके साथ ही इंडिया ए की टीम सेमीफाइनल से बाहर हो गई और बांग्लादेश ने फाइनल में जगह बनाई।




# सोते-सोते मिट जाएंगी बुरी यादें? वैज्ञानिकों ने खोजा दिमाग का इनडू बटन

**वॉशिंगटन।** हमारी याददाश्त हमारे रोजमर्रा के अनुभव, भावनाएं और यहां तक कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी बनाने में बहुत जरूरी है। ऐसे में बड़ा सवाल आता है कि क्या हो, अगर हम सोते समय हमारा दिमाग जिस तरह से यादों को बनाता या संभालता है, उसे बदल सकें। एक पत्रिका में एक नई खोज छपी है, जो इस बात की उम्मीद जगाती है। इस शोध से पता चला है कि नींद के दौरान दिए गए संकेत हमारी बुरी यादों को कम करने में मदद कर सकते हैं। यह खोज पीटीएसडी, चिंता और अवसाद जैसी बीमारियों के इलाज में नींद को एक दवा की तरह इस्तेमाल करने का रास्ता खोल सकती है।

## नींद में बदलें अपनी यादें

यादों को पक्का करने के लिए नींद बहुत जरूरी है। यह वह प्रक्रिया है, जिससे दिमाग नई जानकारी को पुरानी जानकारियों से जोड़ता है। नई खोज बताती है कि नींद सिर्फ यादों को संभालती नहीं है, बल्कि उन्हें बदलने की शक्ति भी रखती है। वैज्ञानिकों ने पाया कि सोते समय दिमाग सकारात्मक यादों को नकारात्मक यादों के मुकाबले ज्यादा महत्व दे सकता है। ऐसा खासकर गैर-आरईएम नींद के दौरान होता है।






## नींद में यादों को कैसे बदला गया?

अध्ययन का मुख्य परिणाम यह है कि नींद के दौरान दिए गए खास संकेत हमारी यादों को याद करने के तरीके को बदल सकते हैं। प्रयोग में लोगों को नकारात्मक और सकारात्मक दोनों तरह की तस्वीरें दिखाई गईं। इन तस्वीरों को तटस्थ संकेतों से जोड़ दिया गया। उनके दिमाग ने उन संकेतों को नई सकारात्मक तस्वीरों के साथ जोड़ना शुरू कर दिया। गैर-आरईएम नींद के दौरान इन संकेतों को उनके दिमाग में बार-बार दोहराया गया। इससे उनके दिमाग को सकारात्मक बातों को मजबूत करने का बढ़ावा मिला।

## कैसे किया गया ये प्रयोग?

एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने जांच की कि शब्द, खुशबू या आवाज जैसे संकेत यादों को कैसे प्रभावित करते हैं। उन्होंने गैर-आरईएम नींद के दौरान लोगों को धीरे से कुछ संकेत सुनाए। इस तरीके से वे प्रतिभागियों की यादों को ज्यादा सकारात्मक बातों की ओर मोड़ पाए। इस तकनीक ने बुरी यादों को पूरी तरह मिटाया नहीं, लेकिन उन बुरी यादों को याद करने की शक्ति को कम कर दिया। इससे ज्यादा सकारात्मक अनुभवों को नया बल मिला.।

# कजाकिस्तान में मिला 3500 साल पुराना शहर मिट्टी के नीचे दफन थी प्राचीन सभ्यता



अस्ताना। वैज्ञानिकों को उत्तर-पूर्वी कजाकिस्तान में एक बहुत बड़ा 3,500 साल पुराना शहर मिला है। इस खोज से यूरेशियन मैदान के इतिहास को फिर से समझने की जरूरत पड़ सकती है। इस शहर का नाम सेमियार्का है, जिसे 7 खाइयों का शहर भी कहा जाता है। यह इस इलाके में मिली सहसे बड़ी, पुरानी और योजना बनाकर बसाई गई बस्ती है। यह शहर लगभग 140 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला था और कांस्य युग का बड़ा केंद्र था, जहां बड़े पैमाने पर कांसा बनाया जाता था। इसकी खोज डरहम विश्वविद्यालय और कजाकिस्तान के तोराघीरोव विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने की है।

## कब बसा था ये शहर?

यह शहर लगभग 1600 ईसा पूर्व से समय का है। आमतौर पर माना जाता था कि उस समय लोग एक जगह से दूसरी जगह घूमने वाले थे और अस्थायी शिविरों या छोटे गांवों में रहते थे। लेकिन, सामिया शहर एक स्थिर और बहुत ही व्यवस्थित आबादी को दिखाता है जो बड़े और स्थायी घर बनाने में सक्षम थी। यहां मिट्टी के टीलों की लाइनें मिली हैं, जो बताती हैं कि घर कई कमरों वाले थे।

## वैज्ञानिकों की इसपर क्या राय है?

शोधकर्ताओं ने शहर में टीन-कांसा धातु बनाने के लिए एक खास औद्योगिक क्षेत्र खोज निकाला है। यह इस पूरे इलाके में अपनी तरह का पहला इतना बड़े पैमाने पर चलने वाला काम था। प्रमुख पुरातत्वविद् डॉ. मिलजाना रेडिवोजेवी ने कहा है कि सेमियार्का दशकों की सबसे बड़ी




## सेमियार्का कैसे था इकना पावरफुल?

यह शहर इतरिस नदी के ऊपर पहाड़ी क्षेत्र पर बनाता और इसी वजह से यह अल्ताई पर्वतों में मौजूद तांबे और टिन के स्रोतों के बहुत करीब था। इसी वजह से सेमियार्का क्षेत्र का बड़ा केंद्र और व्यापार की शक्ति बन गया। यहां धातु गलाने का बर्तन, धातु का कचरा और टिन से बनी कांसे की चीज मिली है। ये चीजें बताती हैं कि यहां कांसा बनाने का काम बहुत व्यवस्थित था।

## वैज्ञानिकों को और क्या-क्या मिला?

शोधकर्ताओं ने शहर के आस-पास दफनाने की जगहें और थोड़े समय के लिए बनाए गए शिविर भी ढूंढे हैं। इन चीजों से पता चला है कि बस्ती कितनी दूर तक फैली हुई थी और कितनी उन्नत थी। वैज्ञानिकों को आगे उम्मीद है कि इससे प्राचीन कजाकिस्तान में धातु बनाने के तरीके, अर्थव्यवस्था और समाज के बारे में और ज्यादा जानकारी मिलेगी।

# चीन में मिल रही है तिलचट्टे वाली कॉफी छिड़का जाता है कॉकरोच का बुरादा



**बीजिंग।** चीन की अक्सर अजीबोगरीब खान-पान के लिए दुनियाभर में चर्चा होती है। चीन की राजधानी बीजिंग में एक ऐसी कॉफी वायरल हो रही है, जिसने लोगों को हैरत में डाल दिया है। बीजिंग के एक म्यूजियम में एक अनोखी कॉफी बिक रही है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि इससे ऊपर पिसे हुए कॉकरोच का पाउडर छिड़का जाता है। अब सोशल मीडिया पर कॉकरोच वाली कॉफी की चर्चा हो रही है। बीजिंग में स्थित एक कीट संग्रहालय के कॉफी शॉप में 'क्रॉली-क्रॉली' कॉफी बिक रही है। इसे 'कॉकरोच कॉफी' नाम दिया गया है, जिसकी एक कप की कीमत करीब 500 रुपए है। इसमें सिर्फ कॉकरोच का पाउडर ही नहीं, बल्कि सूखे पीले मीलवॉर्म्स (एक तरह के कीड़े) भी डाले जाते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ग्राहकों का कहना है कि इस अनोखी कॉफी का स्वाद जला हुआ और हल्का खट्टा होता है।

## संग्रहालय के कर्मचारी का दावा

कई लोगों ने इस कॉफी को सेहत के लिए नुकसानदायक बताया है। इसके बाद संग्रहालय के कर्मचारी ने ग्राहकों की आशंकाओं को दूर करने के लिए दावा किया कि इसमें इस्तेमाल होने वाली सभी चीजें पारंपरिक चीनी चिकित्सा की जड़ी बूटी की दुकान से खरीदी गई हैं। इसलिए ग्राहकों को कॉफी की सुरक्षा के बारे में निश्चिच रहना चाहिए। पारंपरिक चीनी चिकित्सा सिद्धांतों का दावा है कि कॉकरोच पाउडर का रक्तसंचार को ठीक करने में मदद करने वाली दवा के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## युवा जमकर पीते हैं कॉकरोच कॉफी

इसके साथ ही पारंपरिक चीनी चिकित्सकों का मानना है कि प्रोटीन से भरपूर पीले मीलवॉर्म्स लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं। कर्मचारी का कहना है कि जहां चींटी वाले ड्रिंक का स्वाद खट्टा होता है, वहीं घटपर्णी पौधे के पाचक रस से बना पेय सामान्य कॉफी की तरह लगता है।

# 13,000 साल पहले कॉस्मिक धमाका! एक पूरी जनजाति और विशालकाय जानवर हुए थे लुप्त



**वॉशिंगटन।** प्लीस्टोसीन युग के आखिरी समय में दुनिया में मौसम और माहौल में बहुत बड़े बदलाव आए थे। यहीं वह समय था जब कई बड़े स्तनधारी जानवर विलुप्त हो गए थे और यह सब महज मौसम की वजह से नहीं हुआ था। एक रिसर्च से पता चला है कि ऊनी मैमथ और मैस्टोडॉन जैसे जानवरों के खत्म होने के लिए एक धूमकेतु कुछ हद तक जिम्मेदार था। लगभग 13,000 साल पहले यह धूमकेतु फटा जिससे मौसम में अचानक और बड़ा बदलाव आ गया। इस विस्फोट के कारण हालात फिर से बदल गए और मौसम लगभग हिमयुग जैसा हो गया। यह ठंड का दौर करीब 1,000 साल तक चला।

## वैज्ञानिकों को क्या मिले सबूत?

एक पत्रिका में एक रिसर्च में छपी है। इस रिसर्च में अमेरिका की 3 खास क्लोविस जगहों पर शॉक्ड कॉर्ट्ज मिला है। ये रेत के ऐसे कण होते हैं, जो बहुत ज्यादा गर्मी और दबाव से बदल जाते हैं। यूसी सांता बारबरा के प्रोफेसर जेम्स केनेट और उनकी टीम ने यह खोज की है। ये तीनों जगहें उत्तरी अमेरिका में विशालकाय जानवरों के खत्म होने और क्लोविस संस्कृति के गायब होने की जांच और सबूत जुटाने के लिए बहुत अच्छी थीं।

## धरती पर क्या हुआ था?

इस विस्फोट से पैदा हुई बहुत तेज गर्मी और शॉक वेव्स ने पूरी पृथ्वी को अपनी चपेट में ले लिया। प्रोफेसर केनेट ने कहा, दूसरे शब्दों में कहें तो समझो तबाही आ गई हो। इससे हर चीज जलने लगी जिससे बहुत ज्यादा धुआं और कालिख निकली। इस बल की वजह से धूल भी उड़ी, जिसने धीरे-धीरे सूरज को ढक लिया

## इसका क्या पड़ा असर?

यह माना जाता है कि इसी धूमकेतु के विस्फोट की वजह से उत्तरी अमेरीका की क्लोविस संस्कृति के लोग भी अचानक गायब हो गए थे। आज से लगभग 13,000 साल पहले एक धूमकेतु के फटने से मौसम में अचानक बड़ा बदलाव आया और 1,000 साल तक ठंडी पड़ गई। इसी वजह से ऊनी मैमथ और मैस्टोडॉन जैसे बड़े जानवर और उत्तरी अमेरिका की क्लोविस संस्कृति खत्म हो गई।

# सिर्फ 2 सेकंड के लिए रुक जाए टाइम तो मचेगा कोहराम!

**वॉशिंगटन।** समय एक ऐसी चीज है, जो हर पल को जोड़कर रखती है। हमने कहानियों और फिल्मों में देखा है कि समय अचानक रुक जाता है। लेकिन, क्या आपने सोचा है कि सिर्फ 2 सेकंड के लिए समय रुक जाए तो क्या होगा। क्या हमें रुकावट महसूस होगी? या फिर यह घटना इतनी खतरनात होगी कि सब कुछ टूटकर बिखर जाएगा? समय एक ऐसा रहस्यमय डाइमेंशन है, जो हमारे जीवन और पूरे ब्रह्मांड को कंट्रोल करता है। हम सब ने कभी न कभी सोचा होगा कि क्या होगा अगर समय अचानक रुक जाए। हॉलीवुड की फिल्मों में तो अक्सर नायक समय रोककर दिखाते हैं। लेकिन, अगर असल में समय रुका तो क्या होगा? सबसे पहले तो यह कि आप समय रुकने का एहसास नहीं कर पाएंगे। कल्पना कीजिए कि जब समय रुकता है तो आपके शरीर के हर अणु, हर न्यूरॉन के हर एटम और हर कोशिका की गति भी थम जाएगी। आपकी आंखें नहीं झपकेंगी, खून नहीं बहेगा और आपका दिमाग भी उस समय रुक जाएगा। जब 2 सेकंड बीतने के बाद समय दोबारा स्टार्ट होगा तो आपके लिए यह 2 सेकंड अस्तित्वहीन होंगे। यह ठीक वैसा ही होगा जैसा आप गहरी नींद से जागे हों और आपको पता भी ना चले कि बीच में कुछ हुआ था। आपके लिए दुनिया बस एक पलक झपकते ही आगे बढ़ जाएगी।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com